दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 11 जयपुर, बुधवार, 20 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### राजस्थान की नवगठित 16वीं विधानसभा का पहला सत्र आज से

# पहली बार मंत्रिमंडल के गठन से पहले विधायक लेंगे शपथ!



*नवगठित 16वीं विधानसभा का दो दिवसीय सत्र बुधवार से शुरू होगा। सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत विधानसभा के चारों तरफ बैरिकेडिंग की गई।* ***फोटो: राजेश कुमावत***

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की नवगठित 16वीं विधानसभा का पहला सत्र बुधवार से शुरू होगा। दो दिवसीय पहले सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सत्र बुलाने की स्वीकृति दे दी है। सत्र के पहले दिन नव निर्वाचित सदस्यों को प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, दूसरे दिन स्पीकर का चुनाव होगा। सीएम भजनलाल शर्मा भी शपथ लेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस बार 16वीं विधानसभा में भाजपा के 46, कांग्रेस के 19 और अन्य 7 विधायक पहली बार विधायक पद की शपथ लेंगे। इधर, विधानसभा स्पीकर को लेकर भाजपा की ओर से दावेदार वासुदेव देवनानी की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। देवनानी को कांग्रेस का समर्थन भी मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक यदि विपक्ष देवनानी को समर्थन देता है तो उनका चुनाव निर्विरोध भी हो जाएगा।

बुधवार को विधानसभा सत्र बुलाए जाने को लेकर प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। विधानसभा के बाहर बेरिकेट्स लगाए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा के मध्येनजर सभी आवश्यक तैयारियां की है।

प्रदेश में यह संभवत पहला मौका है, जब मंत्रिमंडल के गठन से पहले विधायकों की शपथ हो रही है। यहीं नहीं संभवत भजनलाल शर्मा पहले ऐसे विधायक हैं, जो विधायक से पहले मुख्यमंत्री के तौर पर विधानसभा पहुंचेंगे।

इससे पहले नई विधानसभा का पहला सत्र जनवरी में होता आया है, इसलिए सत्र से पहले मंत्रिमंडल का गठन हो जाया करता था। इस बार विधायकों की शपथ पहले हो रही है।

### इसी सप्ताह हो सकता है मंत्रिमंडल का गठन!

विधायकों का शपथ कार्यक्रम पूरा होने के बाद इसी सप्ताह नए मंत्रिमंडल का ऐलान भी हो सकता है। मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले नामों को लेकर सीएम भजनलाल शर्मा दिल्ली में बीजेपी आलाकमान से चर्चा कर चुके हैं। पहले चरण में 18 से 20 विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है।

### राजस्थानी भाषा में शपथ लेने की मांग

16वीं विधानसभा में पहुंचने वाले कई विधायकों ने राजस्थानी भाषा में शपथ लेने की बात कही है। हालांकि इस मांग को लेकर विधि विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। संवैधानिक विषयों के जानकार भी विधायकों को इस भाषा में संविधान के अनुच्छेद 210 के तहत मातृभाषा में शपथ लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गौरतलब है कि राजस्थानी भाषा को 2003 से संवैधानिक मान्यता देने का मामला अटका हुआ है। इसको लेकर कई आंदोलन भी चल रहे हैं लेकिन अभी तक मान्यता का इंतजार है।

## जरूरी खबर

### गोगामेड़ी के हत्यारे हाई सिक्योरिटी जेल में किए शिफ्ट




**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या करने वाले बदमाशों को जेल प्रशासन ने अजमेर स्थित हाई सिक्योरिटी जेल में शिफ्ट कर दिया। आरोपियों को जयपुर से अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में शिफ्ट करने की वजह गैंगवार व एंटी गैंग के गुर्गों का जयपुर सेंट्रल जेल में बंद होना है। ताकि जेल में दोनों गैंग के बदमाश आपस में नहीं भिड़े। आरोपी नितिन फौजी, रोहित राठौड़, रामवीर जाट, सुमित, राहुल, भवानी उर्फ रोनी, उधम सिंह को एनआईए ने कोर्ट में पेश किया था, जहां से सभी आरोपियों को जेल प्रशासन ने अजमेर भेज दिया, जबकि मामले में आरोपी पूजा सैनी को महिला जेल में रखा गया है।

### रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.19 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.19 (अस्थायी) पर बंद हुआ। लाल सागर मार्ग के माध्यम से तेल की आपूर्ति को लेकर जारी चिंताओं के बीच आयातकों द्वारा डॉलर की खरीदारी का असर भारतीय मुद्रा पर पड़ा। शेयर बाजार के सकारात्मक रुख, प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और कच्चे तेल की स्थिर कीमतों ने स्थानीय मुद्रा की गिरावट को सीमित रखा। अंत में यह 83.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है।

### पक्ष-विपक्ष में टकराव: संसद के इतिहास में पहली बार इतनी संख्या में सांसदों को किया गया निलंबित

# अब 49 एमपी सस्पेंड अब तक 141 पर एक्शन

## राज्यसभा के सभापति का मजाक उड़ाने के मामले ने पकड़ा तूल

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ जयपुर

संसद के शीतकालीन सत्र में मंगलवार एक बार फिर लोकसभा से 49 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित होने वाले सांसदों की संख्या बढ़कर 141 हो चुकी है। एक दिन पहले ही सोमवार 78 सांसदों को निलंबित किया गया जो एक रिकॉर्ड है। पहली बार इतनी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया। विपक्ष के इतने सांसदों के एक साथ निलंबन को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A की मीटिंग से पहले कांग्रेस समेत तमाम दलों ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।



### नकल उतारना अस्वीकार्य: धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान लोकसभा सदस्य द्वारा उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष की कथित तौर पर नकल उतारे जाने की घटना पर मंगलवार को गहरी आपत्ति जताते हुए इसे अस्वीकार्य करार दिया। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह मेरे लिए शर्म की बात थी। एक किसान, एक जाट और राज्यसभा सभापति के रूप में मेरा अपमान किया गया।

### क्यों हुई एक साथ इतने सांसदों पर कार्रवाई

संसद में सुरक्षा चूक और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर जारी हंगामे के कारण संसदीय कार्यवाही को बाधित करने के लिए दोनों सदनों के सांसदों को निलंबित किया गया। पीएम मोदी की संसद सुरक्षा चूक पर टिप्पणी के बावजूद विपक्ष के नेता अमित शाह से बयान की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान कुछ सांसदों ने तख्तियां लहराईं तो कई आसन की ओर बढ़े। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में ऐसा ही रहा। राज्यसभा में नारेबाजी हुई और कार्यवाही बाधित हुई जिसके बाद सांसदों को निलंबित किया गया।

### 'इंडिया' के दो-तिहाई सदस्य निलंबित

संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में अभी तक विपक्ष के कुल 95 सदस्यों को तख्तियां दिखाने और सदन की अवमानना के मामले में सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जा चुका है और इस तरह विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के करीब दो-तिहाई सदस्य सदन से बाहर हो गए हैं। सदन में अब मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत नौ ही सदस्य रह गए हैं। लोकसभा में कांग्रेस के सदस्यों की कुल संख्या 48 है।

### सभापति का मजाक संविधान का अपमान: सीपी जोशी



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा मिमिक्री कर उपहास उड़ाने और विपक्षी पार्टियों के सांसदों द्वारा इस परिहास में सम्मिलित होने तथा वीडियो बनाने पर कहा कि यह अपमान उपराष्ट्रपति का नहीं वरन भारत के संविधान और संवैधानिक व्यवस्था का है। जोशी ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा राजस्थान के गौरव का अपमान करने का वीडियो बना कर मजाक उड़ाना उनकी अपरिपक्वता को साबित करता है।

### सांसदों के निलंबन से पूरा देश चिंतित: गहलोत



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों के निलंबन पर मंगलवार को चिंता जताते हुए कहा कि संसद में जो कुछ भी हो रहा है वह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। गहलोत ने कहा कि संसद में जो कुछ हो रहा है उससे पूरा देश चिंतित है। इनको (केंद्र सरकार) घमंड नहीं करना चाहिए। 2024 के चुनाव भी आ रहे हैं। इनका एजेंडा सबको मालूम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह ये विपक्ष के साथ व्यवहार कर रहे हैं वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। यह कोई दुश्मनी का खेल नहीं है राजनीति है। लोकतंत्र में लड़ाई विचारधारा और सिद्धांतों की होती है।

### गिरिराज धरण प्रभु तेरी शरण...



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को गोवर्धनजी पहुंचे। यहां सीएम ने भगवान गिरिराजजी की विधिवत पूजा अर्चना की। महंत ने सीएम का स्वागत किया। इससे पूर्व सीएम ने प्रदेश की सीमा में आने वाले पूंछरी के लौठा के दर्शन किए और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

### सीएम की कार दुर्घटनाग्रस्त



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को एक सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। यह हादसा भरतपुर में गिरिराज जी के दर्शन करने जाते वक्त हुआ। उनकी गाड़ी सड़क से नाले में उतर गई। इसके बाद अधिकारियों ने फौरन दूसरी गाड़ी मंगवाई और सीएम को रवाना किया। एसपी मृदुल कच्छावा के अनुसार इस हादसे में किसी को किसी तरह की चोट नहीं आई है। सीएम सुरक्षित हैं।

### दक्षिण अफ्रीका ने भारत को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी** | गक्बेहरा

सलामी बल्लेबाज टोनी डी जोरजी की नाबाद 119 रन की पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एक दिवसीय मैच में मंगलवार को यहां भारत को 45 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। मैन ऑफ द मैच जोरजी ने 122 गेंद की नाबाद पारी में नौ चौके और छह छक्के लगाने के साथ पहले विकेट के लिए रीजा हेंड्रिक्स (52) के साथ 167 गेंद में 130 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए रासी वैन डेर डुसेन (36) के साथ 83 गेंद में 76 रन की साझेदारी करने के बाद छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी।

### हार की समीक्षा के बाद नए सिरे से पड़ताल में जुटा हाईकमान

# कौन होगा कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष?

### जल्द होंगे नाम तय

### अशोक गहलोत को नेशनल अलायंस कमेटी में लेने के बाद अब कांग्रेस प्रदेश में युवा चेहरों को दे सकती है मौका

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में हार के बाद सत्ता से बेदखल हुई कांग्रेस अभी तक प्रदेशाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष का नाम तय नही कर पाई है। हालांकि पार्टी का कहना है कि इसी सप्ताह नाम तय कर दिए जाएंगे। इधर, मंगलवार को कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राष्ट्रीय टीम में जगह दी। गहलोत को नेशनल अलायंस कमेटी में सदस्य बनाया है। अशोक गहलोत अब लोकसभा चुनाव-2024 में अहम रोल अदा करेंगे। गहलोत के राष्ट्रीय टीम में लेने के बाद वे अब प्रदेश में सक्रिय नही हो पाएंगे। पार्टी ने दो दिन पूर्व हार की समीक्षा भी की। कई कारण सामने आए। अब आलाकमान नए सिरे से प्रदेशाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष के नामों पर मंथन करेगा।

सूत्रों की माने तो दो से तीन दिन में इन नामों की घोषणा कर सकती है। पार्टी का मानना है कि जातीय समीकरण में कांग्रेस के कई नेता फिट बैठ रहे हैं। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के नाम से कांग्रेस एक बड़ा संदेश देना चाहती है।

### प्रदेशाध्यक्ष में युवाओं को तव्वजो इसलिए

कांग्रेस आलाकमान ने हाल ही में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव हार चुके युवा नेता जीतू पटवारी को प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। इसको लेकर प्रदेश के युवा नेताओं में उम्मीद जगी है। हालांकि वर्तमान में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की जगह किसी ब्राह्मण या सचिन पायलट को फिर से कमान देने की भी चर्चा है, लेकिन पेंच यह फंस गया है कि अगर सचिन पायलट को नेता प्रतिपक्ष घोषित किया गया तो प्रदेश अध्यक्ष किसे बनाया जाए? ओसिया से चुनाव हार चुकी दिव्या मदेरणा को प्रदेश अध्यक्ष की कमान दिए जाने पर भी विचार हो रहा है। इससे महिलाओं और युवाओं में जोश भरा जा सके।

**अब प्रतिपक्ष के नेता नहीं बनेंगे अशोक गहलोत!:** कांग्रेस पार्टी के नए आदेश से यह साफ जाहिर हो गया है कि राजस्थान विधानसभा में अशोक गहलोत नेता प्रतिपक्ष नहीं बनेंगे। इससे पहले भी अशोक गहलोत ने नेता प्रतिपक्ष का पद लेने से इनकार कर दिया था।

### आईपीएल 2024 की दुबई में नीलामी

# 72 खिलाड़ियों की बदली किस्मत, स्टार्क ने तोड़े रिकॉर्ड

**एजेंसी** | दुबई

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग की खिलाड़ियों की नीलामी में टीम के अपने गेंदबाजी जोड़ीदार और कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर 24 करोड़ 75 लाख रुपए के साथ आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जबकि इस दौरान तेज गेंदबाजों के लिए बड़ी बोली लगी। सनराइजर्स हैदराबाद के रिकॉर्ड 20 करोड़ 50 लाख रुपए में कमिंस को अपने साथ जोड़ने के कुछ ही घंटों बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के लिए 24 करोड़ 75 लाख रुपए की बोली लगाई। स्टार्क पिछली बार 2015 में आईपीएल में खेले थे। स्टार्क को पिछले साल 18 करोड़ 50 लाख रुपए की रिकॉर्ड बोली हासिल करने वाले इंग्लैंड के सैम कुरेन से काफी अधिक राशि मिली। कुरेन को पंजाब किंग्स ने खरीदा था।

आईपीएल की हैरान करने वाली बोली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाजी तिकड़ी में शामिल जोश हेजलवुड के लिए किसी टीम ने बोली नहीं लगाई। उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपए था।

गुजरात टाइटंस और नाइट राइडर्स के बीच स्टार्क को लेकर रस्साकशी देखने को मिली लेकिन अंततः कोलकाता की टीम बाजी मारने में सफल रही। वहीं पैट कमिंस दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा। नीलामी में हर्षल पटेल सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें पंजाब किंग्स ने 11.75 करोड़ में खरीदा. यूपी के लिए खेलने वाले समीर रिजवी सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी रहे। समीर को चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.40 करोड़ रुपए में खरीदा।




**पंजाब ने रिली रोसो को 8 करोड़ में खरीदा:** दक्षिण अफ्रीका के तूफानी बल्लेबाज रिली रोसो को नीलामी के अंतिम राउंड में पंजाब किंग्स ने आठ करोड़ में खरीदा। दिल्ली कैपिटल्स ने भी इस खिलाड़ी को खरीदने की भरपूर कोशिश की, लेकिन पर्स में ज्यादा पैसे होने की वजह से पंजाब ने बाजी मार ली।

### स्पेंसर को मिली 10 करोड़ की रकम

नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों का बोलबाला रहा। ऑस्ट्रेलिया के लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन ऑक्शन में 10 करोड़ में बिके। जॉनसन का बेस प्राइज 50 लाख रुपए था। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच उनके लिए जबरदस्त बिडिंग वॉर हुई। स्पेंसर जॉनसन को जहां गुजरात टाइटंस ने 10 करोड़ में खरीदा, वहीं झाय रिचर्डसन को दिल्ली कैपिटल्स ने 5 करोड़ रुपये में खरीदा।

## जरूरी खबर

### राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान की मुख्य सचिव ने ली बैठक



**बेधडक,जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान की राज्य स्तरीय ब्रॉडबैंड समिति की 9वीं बैठक मंगलवार को शासन सचिवालय ली। सीएस शर्मा ने आरओडब्ल्यू और स्टेट आरओडब्ल्यू पोर्टल, सीबीयूडी मोबाइल एप्लीकेशन, डीसीआरआई, पीएम गतिशक्ति एनएमपी पोर्टल सहित अन्य सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके विभागीय स्तर पर भूमि आवंटन एवं वन विभाग की मंजूरी के लंबित प्रकरणों सहित अन्य आवश्यक कार्य आपसी समन्वय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### मतदाता सूची में 6 जनवरी से जुड़वा सकेंगे नाम

**बेधडक,जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनावों के संबंध में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बैठक में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि 17 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आगामी 6 जनवरी से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान ट्रांसजेंडर, दिव्यांग एवं सहरिया आदिवसियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मतदाता सूचियों के 4 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन के बाद नए नाम जोड़ने के लिए अब तक 5,27,032 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### 18 ग्राम पंचायतों में किया योजनाओं का प्रचार



**बेधड़क. जयपुर।** भारत सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। जयपुर ग्रामीण में मंगलवार को 9 मोबाइल वैन ने 18 ग्राम पंचायतों में योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में यात्रा आयुष्मान भारत, अन्न योजना, अन्त्योदय योजना, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

## गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर देशी-विदेशी पर्यटकों का किया जाएगा शाही अंदाज में स्वागत

# पावणों को लेकर कल आएगी शाही ट्रेन 'प्लेस ऑन व्हील्स'

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के पर्यटन के हिसाब से सबसे खास शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स गुरुवार को एक बार फिर से मरुधरा आ रही है।

देश की राजधानी दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से बुधवार शाम को रवाना होगी। इसके बाद गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे जयपुर में गांधी नगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसमें आने वाले पावणे गुलाबी नगरी की सैर करेंगे।

इस बार प्लेस ऑन व्हील्स में आने वाले पर्यटकों में 34 अमरीकियों संग 6 भारतीय और 4 ऑस्ट्रेलियन पर्यटक शामिल है। इस बार शाही ट्रेन में करीब 3 देशों के 44 पर्यटक घूमने आ रहे हैं। यहां उनका राजस्थानी परंपरा से स्वागत किया जाएगा। गौरतलब है कि सितंबर से पर्यटन सीजन शुरू हो गया है। विदेशी पर्यटक जयपुर और राजस्थान घूमने के लिए भारी संख्या में आ रहे हैं।

विदेशी पर्यटक शाही ट्रेन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ट्रेन के निदेशक प्रदीप बोहरा ने बताया कि शाही ट्रेन गुरुवार को जयपुर के गांधी नगर स्टेशन पहुंचेगी। यहां यात्रियों का स्वागत कर पर्यटन स्थलों पर घुमाया जाएगा।

### पर्यटकों को सात दिन तक प्रदेश के विभिन्न स्थानों की कराएगी सैर



#### 1982 से करवा रही शाही सफर

पैलेस ऑन व्हील्स भारत की पहली लग्जरी ट्रेन है। इसे 26 जनवरी 1982 को शुरू किया गया था, यह राजस्थान की सबसे नामी ट्रेन है, जो दिल्ली से चलकर यात्रियों को राजस्थान के अलग-अलग किले और महलों वाले स्थान की सैर कराती है। इस ट्रेन में 39 डिलक्स केबिन और 2 सुपर डिलक्स केबिन हैं। इनमें 82 यात्रियों की जगह है। हर केबिन के साथ अटैच्ड वॉशरूम है। हर केबिन का नाम राजस्थान के महल और किले पर रखा गया है। इस ट्रेन की खूबसूरती भी बेहद खास है। ट्रेन के हर कोच को अंदर से फिरोजा, माणिक और मोती के रंगों से सजाया गया है। दो रेस्त्रां भी बनाए गए हैं, जिसमें मेहमानों को रॉयल फूड पेश किया जाता है। यह शाही ट्रेन सैलानियों को एक सप्ताह तक यात्रा करवाती है।

#### यह रहता है सात दिन का शैड्यूल

पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन 8 दिन और 7 रातों का ट्यूर करवाती है। इसके पहले दिन की शुरुआत शाम 6:30 बजे सफदरगंज रेलवे स्टेशन से होती है। दूसरे दिन पर्यटकों को जयपुर में घूमने का मौका मिलता है। तीसरे दिन सवाई माधोपुर और चित्तौड़गढ़ में घूमाया जाता है। चौथे दिन उदयपुर में और पांचवे दिन जैसलमेर, छठवें दिन जोधपुर में, सातवें दिन भरतपुर और आगरा घुमाया जाता है। आठवें दिन ट्रेन दिल्ली में उतार देती है।

#### न्यू ईयर पर आएगा एक और फेरा

शाही ट्रेन प्लेस ऑन व्हील्स गुरुवार को राजस्थान आ रही है। इसके बाद 27 दिसंबर को एक और फेरा दिल्ली से रवाना होगा। बता दें कि 2020 में कोविड के कारण इस ट्रेन को बंद कर दिया गया था। इसके बाद तीन साल बाद में इसे दुबारा शुरू किया था। शाही रेलगाड़ी पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान की पुरानी हवेलियां, गढ़, किले और रेगिस्तान के साथ लोक कलाएं, हस्तशिल्प आदि की दुनिया भर में खास पहचान करवाती है।

## मुख्यमंत्री बनने के बाद भजन लाल पहली बार पहुंचे भरतपुर

# सीएम ने गिरिराज जी के दर्शन के बाद लोगों से की मुलाकात

**बेधड़क | जयपुर**

सीएम भजनलाल शर्मा अपने एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को भरतपुर पहुंचे। सीएम पहली बार अपने गृह जिले पहुंचे तो उनका लोगों ने जोरदार स्वागत किया। भरतपुर के कमालपुरा बॉर्डर से लेकर उनके घर तक कई जगह उनका स्वागत हुआ। इसके बाद वह जवाहर नगर स्थित अपने मकान पर पहुंचे। जहां उन्होंने अपने परिवार के लोगों से मुलाकात की। सीएम के घर के बाहर उनके पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने उनका स्वागत किया। अपने परिवार से मिलने के बाद सीएम सर्किट हाउस पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्होंने कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात की, जिसके बाद वह गोवर्धन दर्शन के लिए रवाना हो गए थे। मुख्यमंत्री ने पुंछरी का लौठा, गोवर्धन जी मुखारबिंद एवं श्रीनाथजी मंदिर में सपत्नीक पूजा कर प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की।

### सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं ने किया जोशीला स्वागत



#### मुख्यमंत्री ने लोगों का जताया आभार

सीएम ने सर्किट हाउस में लोगों से चर्चा के दौरान कहा कि जिस तरह से आप लोगों ने गर्मजोशी के साथ मेरा स्वागत किया उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इसके बाद सीएम गोवर्धनजी के दर्शनों के लिए पहुंचे। इस दौरान कई बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सीएम का स्वागत किया। इससे पूर्व जब सीएम भजन लाल शर्मा कमालपुरा बॉर्डर पहुंचे तो संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, आईजी रुपिंदर सिंघ, कलेक्टर लोकबंधु, एसपी मृदुल कच्छावा ने सीएम की अगवानी की। यहां नदबई विधायक जगत सिंह, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, नगर विधायक जवाहर सिंह बेढ़म, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने सीएम का स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सीएम को 101 किलो की माला पहनाई।

#### सीएम ने थड़ी पर बनाई चाय



मुख्यमंत्री ने भरतपुर जाते समय सड़क किनारे एक चाय की थड़ी पर रुके और थड़ी पर सीएम ने खुद ही चाय बनाई। थड़ी संचालक से हालचाल पूछा। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ चाय पी और क्षेत्र को लेकर कई मुददों पर चर्चा की। सीएम को चाय बनाते हुए देखकर लोग हैरत में पड़ गए। कार्यकर्ताओं ने सीएम को कई समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया।

#### लुधावई वाले हनुमान जी का लिया आशीर्वाद

भरतपुर आते समय सीएम भजन लाल लुधावई वाले हनुमान मंदिर पर रुके। जहां उन्होंने भगवान हनुमान के दर्शन किए। सीएम और सांगानेर के विधायक बनने से पहले सीएम लुधावई वाले हनुमान मंदिर पर अकसर पूजा अर्चना करने जाते थे। उनकी लुधावई वाले हनुमान मंदिर में काफी आस्था है। इसलिए वह मंदिर पर रुके और भगवान का आशीर्वाद लिया।

## योजना पर अधिकारियों संग चर्चा

# नए साल में पुलिस करेगी ऑनलाइन चालान, तीसरी आंख की रहेगी नजर



**बेधड़क | जयपुर**

नए साल पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का आईटीएमएस से चालान किए जाएंगे।

मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात राहुल प्रकाश ने आईटीएमएस, ई-चालान प्रक्रिया से जुड़े तकनीकी अधिकारियों (एनआईसी, डीओआईटी, राजकॉम्प, एसबीआई), यातायात पुलिस के अधिकारियों के साथ फील्ड में आ रही परेशानियों को लेकर जानकारी ली। इसके बाद शहर में लगे आईटीएमएस कैमरों के चालानों, वॉयलेशन ऑन कैमरा एप के माध्यम से किये जा रहे नो पार्किंग कार्यवाही, ई-चालान डिवाईस से ऑनलाइन चालान की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में बेहतर ट्रैफिक प्लान बने इसे लेकर समय-समय पर कई विभागों के अधिकारियों के साथ ट्रैफिक के अधिकारी मीटिंग की जाती रही है।

शहर में नए साल से ऑनलाइन चालान किए जाएं। इसमें जो परेशानी आ रही है। उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए। इस दौरान मीटिंग में मौजूद सभी अधिकारियों से फील्ड में आ रही परेशानी पर रिपोर्ट बनाने और उस के निस्तारण को लेकर काम करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर एनआईसी आशुतोष भट्ट, चीफ मैनेजर एसबीआई प्रवीण, राजकॉम्प डीओआईटीसी के प्रतिनिधि मोहम्मद इरशाद, दीपक शर्मा, अजय साहू यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## विदेश सेवा अधिकारी राज्यपाल से मिले



*बेधड़क, जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र से भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1998 और 1999 के तीन अधिकारियों ने मंगलवार को राज भवन में मुलाकात की। राज्यपाल से इन अधिकारियों की यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने विदेश सेवा के अधिकारियों से संवाद करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखते हुए भारतीय संस्कृति और गौरव के प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर हरिशचंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के अतिरिक्त महानिदेशक महेंद्र सोनी भी उपस्थित रहे।*

## भाजपा मुख्यालय में विश्वकर्मा योजना पर कार्यशाला आयोजित

# कारीगरों की आर्थिक तरक्की के खुलेंगे द्वार

**बेधड़क | जयपुर**



प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया गया। इस दौरान कार्यशाला के दो सत्र आयोजित किए गए। इसमें प्रथम सत्र को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रदेश संयोजक प्रभुलाल सैनी ने संबोधित किया।

वहीं दूसरे सत्र को मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा ने संबोधित किया। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्षों और जिला महामंत्रियों को प्रदेशभर से पांच लाख दस्तकारों और कारीगरों को इस योजना से जोड़ने के लक्ष्य को लेकर चलने का आह्वान किया गया। इस योजना के तहत 18 पारंपरिक ट्रेड के कारीगरों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के विजन पर काम किया जाएगा। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती पर पारंपरिक व्यवसायों को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया है। मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा ने कार्यशाला में कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत बूथ स्तर से कुशल कारीगरों को जोड़ना है। योजना के प्रदेश संयोजक प्रभुलाल सैनी ने विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। इस दौरान उन्होने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य ऐसे दस्तकार और शिल्पकार जो कि दैनिक जीवन के लिए उपयोगी हैं उनका उत्थान करना है। इस योजना के लिए 13 हजार करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। इसमें इसमें नाई, सुनार, सुथार, मोची, कुम्हार, मालाकार, दर्जी, राजमिस्त्री, कारीगर, मूर्तिकार, नाव बनाने वाले, पत्थर तोड़ने वाले इस तरह की 18 कैटेगिरी बनाई गई हैं।

## करणपुर विधानसभा क्षेत्र: कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा

# गहलोत बोले- भाजपा ने चुनाव में सिर्फ झूठ फैलाया

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की करणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को मतदान होना है। इसके चलते अब चुनाव प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। इसी कड़ी में मंगलवार को करणपुर विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की हुई।

जनसभा में पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, चुनाव प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा शामिल हुए। जनसभा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। जनसभा में करणपुर से पूर्व विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर को श्रद्धाजंलि देने के बाद कांग्रेस नेताओं ने अपनी बात रखी। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की ढेरों जनकल्याणकारी योजनाओं के बाद भी हम चुनाव हार गए। इसका दुख है, लेकिन उससे बड़ी चिंता यह है कि देश में जो कुछ हो रहा है वह सही नहीं है। देश में ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में गवर्नंस पर बात ही नहीं कि सिर्फ झूठ फैलाया। कन्हैया लाल की हत्या पर राजस्थान सरकार ने तुरंत एक्शन लिया, लेकिन पीएम मोदी ने झूठ बोला।

गहलोत ने कहा कि संसद में जिस तरह सांसदों को निकाला जा रहा है वह भी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अपने वादों की चर्चा नहीं करते। उन्होंने कहा कि करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के बाद पूरे देश में एक संदेश जाएगा कि राजस्थान की जनता ने 15 दिन में ही भाजपा की असलियत पहचान ली है।

### रंधावा व डोटासरा भी पहुंचे



#### शपथ ग्रहण समारोह में छाई थी मासूसी

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि मुख्यमंत्री चयन में मोदी पर्ची भेजते हैं और खुल जा सिम सिम बोला जाता है। तब सभी विधायकों के चेहरों पर हवाइयां उड़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी मायूसी छाई हुई थी।

#### मोदी संसद में अकेले बैठना चाहते हैं: रंधावा

करणपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा में राजस्थान प्रभारी सुखविंदर रंधावा भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मादी की हालत मिर्जा जैसी हो गई है और वह संसद में अकेले ही बैठना चाहते हैं। रंधावा ने कहा कि सांसदों का निलंबन पूरी तरह से गलत है। उन्होंने करणपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान कई विधायकों सहित कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## घर-घर जाकर करेंगे चाय पर चर्चा

# कांग्रेस अब 'टी-पॉलिटिक्स' से करेगी जनाधार मजबूत

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सर्वोदय संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सभी जिलों एवं विधानसभाओं के पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यह पहला संवाद कार्यक्रम है, जिसमें विधानसभा चुनावों की समीक्षा गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी.यादव ने बताया कि कार्यक्रम में आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर जमीनी स्तर के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर कैडर तैयार को लेकर लोकसभा चुनावों से पूर्व सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। पार्टी में जनाधार मजबूत करने के लिए पदाधिकारी घर-घर जाकर लोगों से 'चाय पर चर्चा' करेंगे। कार्यक्रम संयोजक सचिन नायक ने बताया कि कार्यकर्ताओं की ओर से कई प्रकार की नाराजगी जाहिर की गई, जिस पर संगठन विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके शीर्ष नेतृत्व को देगा।

**जरूरी खबर**

## बालमुकुन्दाचार्य ने पूछी तिवाड़ी की कुशलक्षेम



**जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कांग्रेस के जयपुर शहर जिलाध्यक्ष आरआर तिवाड़ी से एसएमएस अस्पताल में कुशलक्षेम पूछी। तिवाड़ी कमर दर्द को लेकर पिछले कुछ दिनों से एसएमएस अस्पताल में भर्ती हैं। बता दें कि बालमुकुंदाचार्य और आरआर तिवाड़ी हवामहल विधानसभा सीट से आमने-सामने चुनाव लड़े थे। इसमें बाबा बलमुकन्दाचार्य विजयी रहे थे। दोनों की इस मुलाकात के बाद आमजन इसे स्वस्थ राजनीति के रूप में देख रहे हैं।

## साढ़े 15 लाख की ज्वैलरी चुराने वाली गिरफ्तार



**जयपुर।** जयपुर जंक्शन पर करीब दस दिन पहले ट्रेन में चढ़ते समय एक यात्री के बैग से साढ़े 15 लाख की गोल्ड ज्वैलरी चुराने वाली गैंग की मुख्य सरगना महिला आरोपी को जीआरपी जयपुर ने पकड़ लिया है। आरोपी से चोरी की गई ज्वैलरी भी बरामद कर ली है। जीआरपी थाना प्रभारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि मामले में पूर्व में गैंग के दो आरोपी काना और भारती को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब मुख्य सरगना किरण उर्फ बबलू निवासी भिलवाड़ी जिला भावनगर गुजरात व हाल निवासी टीबा बेनाड़ हरमाड़ा से गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला से ज्वैलरी भी बरामद कर ली है। पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। अन्य वारदातें खुलने की संभावना है।

**प्रदेश का मौसम:** जयपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर समेत 11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान

# राजधानी में रही सीजन की सबसे सर्द रात, 9° न्यूनतम तापमान

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में मंगलवार को सीजन की सबसे ठंडी रात रही। यहां न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सोमवार को 11.3 पर था। इसके साथ ही प्रदेश में भी सर्दी ने अपने तेवर दिखाने शुरु कर दिए हैं। जयपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर समेत 11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अब सर्द हवाएं सीधी मैदानी राज्यों में आनी शुरू हो गई है। इससे राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहरों में तापमान गिरने लगा है।



### फतेहपुर में भी बर्फ जमा देने वाली सर्दी

सर्द हवाओं से माउंट आबू की वादियों के बाद मंगलवार को फतेहपुर के मैदानों में भी बर्फ जमा देने वाली सर्दी रही। इधर, अरब सागर में बने सिस्टम के असर से मंगलवार को झालावाड़, बारां, उदयपुर, डूंगरपुर के एरिया में सुबह हल्के बादल छाए रहे। माउंट आबू में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री सेल्सियस रहा। बर्फ की हल्की परत जमी दिखी। माउंट आबू के अलावा मंगलवार को सीकर के फतेहपुर में भी तापमान जमाव बिंदु के पास 0.7 पर दर्ज हुआ। यहां भी तेज सर्दी के कारण खेतों में खड़ी फसलों की पत्तियों पर ओंस की बूंदें जम गईं।

**प्रमुख शहरों में यूं रहा तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम | शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | 24 | 10 | सिरोही | 20.4 | 8.3 |
| भीलवाड़ा | 23.9 | 6.4 | फतेहपुर | 23.5 | 0.7 |
| अलवर | 25 | 9.2 | माउंट आबू | 22 | -1 |
| जयपुर | 24.3 | 9 | करौली | 23.2 | 5.2 |
| पिलानी | 23.6 | 6.4 | बाड़मेर | 27.4 | 10.4 |
| सीकर | 22 | 5.5 | पाली | 25 | 8 |
| कोटा | 24.8 | 10.6 | जैसलमेर | 24.4 | 10.4 |
| चित्तौड़गढ़ | 23 | 8.4 | जोधपुर | 26.2 | 10.4 |
| उदयपुर | 23.4 | 7.9 | बीकानेर | 24.6 | 9.3 |
| धौलपुर | 22.8 | 9.3 | चूरू | 23.1 | 4.8 |
| बारां | 24.5 | 8.2 | गंगानगर | 23 | 9 |
| डूंगरपुर | 25.7 | 13.2 | हनुमानगढ़ | 21.9 | 6 |

**एसीएस ने ली बैठक, आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से करेंगी वीसी**

# कंट्री में कोरोना की फिर एंट्री स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

**बेधड़क** | जयपुर

देश-दुनिया में एक बार फिर से कोरोना ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। इस बार कोरोना नए रूप यानी सब वेरिएंट जेएन 1 के साथ सामने आया है। देश में केरल में इसका पहला मामला सामने आया है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में भी मामले निकलकर आने लगे हैं। बीते रविवार को कोरोना के चलते पांच लोगों की मौत हो गई। इस बीच नए वेरिएंट ने लोगों में एक बार फिर से कोरोना को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

केंद्र सरकार ने भी कोरोना को लेकर राज्यों को एहतियात बरतने की एडवाइजरी जारी की है। इसको लेकर बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मनसुख मांडविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग सचिवों से वीसी कर तैयारियों में समीक्षा करेंगे। वहीं, इधर वीसी से पहले राज्य का स्वास्थ्य महकमा मंगलवार को अलर्ट मोड पर आ गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने सचिवालय में अपने कक्ष में कोविड 19 व नये वैरिएंट जेएन 1 को देखते चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में एसीएस ने केरल में मिले सॉर्स कॉव 2 जेएन 1 वैरिएंट के रोगी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में आने वाले आईएलआई एवं श्वसन रोगों से पीड़ित रोगियों की सतत निगरानी के निर्देश दिए। रोगियों के आवश्यकतानुकसार जांच नमूने लेने के निर्देश दिए। सेंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजने को कहा। उन्होंने रोगियों की सूचना प्रतिदिन आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड किए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य रवि प्रकाश शर्मा, राज्य नोडल अधिकारी व एसएमएस मेडिकल कॉलेज के माइक्रो बायोलॉजी विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



**ऑक्सीजन बैड-दवाइयां व जांच सुविधा सुनिश्चित हो**

बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में इस वैरिएंट का एक भी रोगी सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियातन समस्त चिकित्सा संस्थानों में रोगियों के उपचार के लिए आवश्यक आइसोलेशन बैड, ऑक्सीजन बैड, आईसीयू बैड, वेन्टीलेटर, दवाइयों एवं जांच सुविधा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### जयपुर, जोधपुर और कोटा में है जांच सुविधा

एसीएस सिंह ने कहा कि संयुक्त निदेशक-जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आईडीएसपी टीम आईएलआई एवं एसएआरआई रोगियों की निगरानी रखे और ऐसे रोगियों की जांच कराई जाए। किसी जिले में कोविड पॉजिटिव रोगी पाए जाने पर उसका सैम्पल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए लैब में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। यह सुविधा जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में उपलब्ध है।

### देश में यहां-यहां पहुंचा नया वैरिएंट

केरल के साथ ही इस वैरिएंट को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सिंगापुर से आए एक यात्री के सैंपल में भी पाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक गोवा में भी सैंपल में JN1 के 15 मामले पाए गए हैं। हालांकि, अभी ये पता नहीं चल पाया है कि ये कितना खतरनाक है, संक्रमण कितनी तेजी से फैलता है या टीका के कितना प्रभावी है।

### इम्यून सिस्टम को देता है चकमा

कोविड-19 का यह नया सब-वेरिएंट इम्यून सिस्टम को चकमा देने में माहिर है। इसके लक्षण पिछले वेरिएंट्स की तरह ही हैं। इनमें बुखार, बहती नाक, गले में खराश, सिरदर्द और पेट दर्द व दस्त जैसे लक्षण शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नए सब-वेरिएंट से गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल की समस्याएं अधिक हो सकती हैं।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023**

## शिविर में केंद्रीय योजनाओं के लिए सैकड़ों लोगों ने कराए पंजीकरण



**बेधड़क** | जयपुर

आत्मनिर्भर भारत के सपने के साथ केन्द्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 के दूसरे दिन सिविल लाइंस जोन क्षेत्र में टीबी सेंटोरिया और पानीपेच चौराहे पर आयोजित किए गए।

इस दौरान दोनों शिविरों के दौरान काफी संख्या में स्थानीय नागरिक शिविरों में आए, जिसमें हैल्थ चेकअप में 39, आयुष्मान कार्ड योजना में 20, पीएम उज्जवला योजना में 20, पीएम स्वनिधि योजना में 20 पंजीकरण किए गए। महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि हेरिटेज निगम में विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट सर्किल, गर्वमेंट हॉस्टल चौराहा पर किया जाएगा। शिविर में आमजन विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 के तहत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ प्राप्त कर उनसें लाभान्वित होंगे।

कैंप में वार्ड 35 के स्थानीय पार्षद और निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**कृष्ण कुणाल ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

## 7 दिन में बनाएं 100 दिन की कार्ययोजना


**बेधड़क** | जयपुर

अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक प्रशिक्षण, रोजगार, स्वच्छता एवं उन्नति के लिए विभाग 100 दिन की कार्ययोजना बनाकर इसकी क्रियान्विति करेगा। अल्पसंख्यक मामलात विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने इस संबंध में मंगलवार को खाद्य भवन में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी 25 वर्षों के विजन को ध्यान में रखकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में अल्पसंख्यकों से किए वादों को राज्य सरकार प्रमुखता से पूर्ण करने लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संकल्प पत्र को आधार बनाकर अगले 100 दिनों की प्रभावी कार्य-योजना 7 दिनों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कुणाल ने कहा कि अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे नवाचारों को राज्य की आवश्यकता को ध्यान में रखकर अपनाए, जिससे कि इसका फायदा पात्र लोगों को मिल सके। शासन सचिव ने कहा कि अन्य राज्यों एवं अन्य देशों में अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजना और ढांचे का अध्ययन करें, ताकि प्रदेश में भी अल्पसंख्यक समाज को मजबूत किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को नवाचारों पर अपडेट रहने को कहा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मामलात विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव जमील अहमद कुरैशी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।




**रंग तो हो गया, मरम्मत कब होगी...**



***जयपुर।*** *लगभग साढ़े चार करोड़ का बजट पास हो गया, लेकिन तीन साल बाद भी घाट की गुणी में टूटी हुई छतरियों की मरम्मत नहीं हुई। हां, इतना जरूर हुआ कि इनका रंग-रोगन जरूर करवा दिया गया। ऐसे में गुलाबी नगरी के ऐतिहासिक प्रवेश द्वार घाट की गुणी में टूटी हुई ये छतरियां शायद इस उम्मीद में हैं कि कभी तो प्रशासन को उनकी याद आएगी। गौरतलब है कि साल 2019 में हुई भारी बरसात से घाट की गुणी स्थित अरावली की पहाड़ियों से तेज गति में आए पानी से कलात्मक छतरियों को काफी नुकसान हुआ था।*

***-फोटो: राजेश कुमावत***

**मॉक ड्रिल: एयरपोर्ट पर लगातार होने वाले वीआईपी मूवमेंट को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा**

# एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर बम की सूचना, हथियारबंद जवानों ने घेरा

**बेधड़क** | जयपुर

सांगानेर एयरपोर्ट पर अचानक हथियारबंद सुरक्षाकर्मियों भागते देख हर कोई दंग रह गया। सुरक्षाकर्मियों ने तेजी से एयरपोर्ट के हॉल में मौजूद लोगों को बाहर निकाला और सघन तलाशी शुरू की दी।

एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर एकाएक हुई इस घटना के बाद एकबारगी लोगों में अफरातफरी मच गई। कुछ देर बाद जब यात्रियों को मॉकड्रिल की सूचना मिली तो सभी ने राहत की सांस ली। दरअसल मॉकड्रिल के तहत मंगलवार को एयरपोर्ट नियंत्रण कक्ष पर फोन कर टर्मिनल-2 पर बम होने की सूचना दी गई। इस पर सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान समेत बम निरोधक दस्ता, फायर ब्रिगेड समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों के जवान और अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक-एक सामान की जांच की गई। डॉग स्क्वॉड की टीम ने भी एक-एक यात्री के सामान की जांच की। ऑटोमैटिक मशीनों से टर्मिनल 2 की जांच हुई। अधिकारियों ने राहत की सांस तब ली, जब बम कहीं भी नहीं मिला।




### ऑटोमैटिक मशीनों से की टर्मिनल 2 की जांच

बम निरोधक दस्ते की टीम ने यात्रियों के लगेज की गहनता से जांच की। ऑटोमैटिक मशीनों से भी टर्मिनल 2 की जांच की गई। लगभग 1 घंटे 10 मिनट तक चली मॉकड्रिल में बम निरोधक दस्ते की टीम ने टर्मिनल 2 को अच्छे से जांचा। तब तक वहां मौजूद यात्रियों को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया। जब बम निरोधक दस्ते की टीम को बम नहीं मिला तो एयरपोर्ट प्रशासन ने उन्हें बताया कि यह मात्र एक मॉकड्रिल थी।

### सुरक्षा एजेंसिया रहीं सतर्क, दिखा तालमेल

इस संबंध में एयरपोर्ट प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इन दिनों एयरपोर्ट पर लगातार वीआईपी लोगों का मूवमेंट हो रहा है। ऐसे में एयरपोर्ट पर बम होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा एजेंसियां कैसे राहत-बचाव का काम करेगी, इसकी जांच के लिए यह मॉकड्रिल रखी गई। मॉकड्रिल के लिए एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना सबसे पहले राज्य सरकार की एजेंसियों को दी गई। इसके बाद पूरी मॉकड्रिल की गई। इस आपात मॉकडिल में सभी सुरक्षा एजेंसियों ने आपसी तालमेल बिठाते हुए सतर्कता से अपने लक्ष्य को हासिल किया। जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर मॉकड्रिल की गई। बम की सूचना पर कुछ ही देर में एयरपोर्ट प्रशासन ने इसकी जानकारी सीआईएसएफ और जयपुर पुलिस की टीम को दी। तुरंत ही पुलिस का बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, फायर ब्रिगेड, नजदीकी पुलिस थानों के सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस और अन्य एजेंसियों के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे। इसे देख एयरपोर्ट पर मौजूद यात्री भी हैरान रह गए। लोग कुछ भी समझ पाते इतनी ही देर में सीआईएसएफ के जवानों ने एयरपोर्ट को घेर लिया।

### एक घंटे तक चली जांच-पड़ताल

मॉकड्रिल के दौरान सुरक्षा बलों ने पूरे टर्मिनल भवन को घेरे में ले लिया और कर्मचारियों को बाहर निकाला। वहीं, डॉग स्क्वायड टीम के में आए डॉग से भी बम की तलाशी शुरू कर दी। करीब एक घंटे तक चली जांच-पड़ताल के बाद किसी भी एयरपोर्ट के किसी भी हिस्से या लगेज में बम नहीं मिला। इसके बाद पूरे प्रशासन ने राहत की सांस ली। हालांकि, एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना मिलते ही वहां मौजूद यात्री और कर्मचारी भी काफी डर गए। बाद में जब उन्हें पता चला कि यह मात्र एक मॉकड्रिल थी, तब उन्होंने भी राहत की सांस ली।

## जरूरी खबर

### बालाजी मंदिर में अखंड रामनाम संकीर्तन आज से



**सीकर।** सालासर बालाजी मंदिर के सत्संग भवन में मंगलवार को अयोध्या में रामलला के विराजमान की खुशी में बुधवार से अखंड श्री राम कीर्तन शुरु होगा जो 23 जनवरी तक चलेगा। इसको लेकर मंगलवार को पोस्टर विमोचन किया गया। आयोजक रामजीलाल पुजारी ने बताया कि आयोजन के लिए मंदिर के पास पांडाल बनाया गया है। मुख्य संयोजक कैलाश व्यास और पुरषोत्तम ककानी बल्लारी कर्नाटक हैं। पोस्टर विमोचन के मौके पर नेम नारायण, देवकी नंदन, श्याम सुंदर अग्रवाल, रामजीलाल, जितेंद्र, किशन, गौरव, अनूप, विनोद व पुजारी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### बीएसएफ जवान ने खुद को गोली मार की आत्महत्या

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात बीएसएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तनोट थानाधिकारी खुशनचंद ने बताया कि घटना सोमवार शाम को हुई। आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के जवान मोहिन मोला (36) किशनगढ़ इलाके में ड्यूटी पर थे। मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ।

### चंपालाल महाराज को सुरक्षा देने की मांग, निकाली रैली



अजमेर। जिले के राजगढ़ भैरव धाम के उपासक चंपालाल महाराज को मिली धमकी के बाद लगातार सुरक्षा देने की मांग उठ रही है। मंगलवार को कंजर समाज ने रैली निकालकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा और जल्द ही सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की। कंजर समाज के धर्मेंद्र ने बताया कि चंपालाल महाराज लगातार नशा मुक्ति के साथ ही सामाजिक सरोकारों के काम कर रहे हैं। इससे कई असामाजिक तत्व उनसे द्वेषता रखते हैं। इसी के चलते गत दिनों पत्र लिखकर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिससे सभी भक्तों में गहरा रोष है। धर्मेंद्र ने कहा कि समाज के लोग शराब बनाने के धंधे में थे, जिनको चंपालाल महाराज ने इस दलदल से बाहर निकाला और अच्छी जिंदगी जीने के लिए प्रेरित किया।

---

**केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को कराया रूबरू, लाभ उठाने का आह्वान**

# डिडावाली और परमदरा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बेधड़क** | डीग

केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने और योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

इसके माध्यम से दूर-दूराज के गांव और ढाणियों तक पहुंचकर लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को डीग जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रो में 4 मोबाइल वैन ने कुल 8 ग्राम पंचायतों में योजनाओं की जानकारी



जन-जन तक पहुंचाई। कार्यक्रम में भारी मात्रा में लोगों ने भाग लेकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी हालिस की।

जिला परिषद अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र परमार ने बताया कि डीग में ग्राम पंचायत डिडावाली और परमदरा, कामां में दिलबटी और लेवारा, नगर में रसिया और गंगावाक और कुम्हेर में उसरानी और थैरावर में मोबाइल वैन आमजन के बीच आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान डिडावाली की सरपंच मायादेवी, उपसरपंच मानसिंह, वार्ड पंच पहलादी और राम अवतार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार चतुर्वेदी, प्राचार्य निशा शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार, प्रभारी पंचायत समिति डीग विजेंद्र शर्मा डीग के शिविर में मौजूद रहे।

नगर में सरपंच रसिया श्रीमती ओमवती लवानिया, उपसरपंच जितेंद्र शर्मा, वार्ड सरपंच मूर्ति और श्याम, बीडीओ बनवारी लाल मीणा, एबीडीओ सतीश चांद मौजूद रहे।

कामां में सरपंच सुशीला देवी, उपसरपंच हर्षिता देवी, ग्राम विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मौजूद रहे। कुम्हेर में उसरानी सरपंच लज्जा देवी, उपसरपंच विजेंद्र सिंह और वीडियो मोहन सिंह मौजूद रहे।

### इन योजनाओं का किया जा रहा प्रचार

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पोषण योजना, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन, जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन स्कीम, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर्स सरीखी योजनाओं को की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है।

### यहां इन जगहों पर लगाए जाएंगे शिविर

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र परमार ने बताया कि सोमवार को डीग में ग्राम पंचायत पास्ता और धमारी, कुम्हेर में ग्राम पंचायत अस्तावन और महरावर, नगर में ग्राम पंचायत दुंदावल और मुंडिया और कामां में ग्राम पंचायत नंदेरा और सतवास में विकसित भारत शिविर आयोजित किए जाएंगे।

---

**उदयपुर के शिल्पग्राम उत्सव में सिद्धि धमाल नृत्य का कमाल**

# सुपर कॉस्ट्यूम... लयकारी और करतबों से पूर्वजों की आराधना

**बेधड़क** | उदयपुर

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से 21 दिसंबर से आयोजित किए जा रहे 'शिल्पग्राम उत्सव' में गुजरात के धमाकेदार सिद्धि धमाल डांस ग्रुप रोंगटे खड़े कर देने वाले डांस से रोमांचित करने आ चुका है। यह डांस न सिर्फ हिंदुस्तान, बल्कि दुनियाभर के लाखों कला प्रेमियों के दिलों पर राज कर रहा है।

यह इतना लयबद्ध और कोरियोग्राफिक है कि धूम-धड़ाके में भी दर्शकों को बांधने और ताल के साथ झूमने को मजबूर कर देता है। इतना ही नहीं, यह डांस कई टीवी रीएलिटी शो के साथ ही ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स में भी अपनी छाप छोड़ चुका है। ये नृत्य सिद्धि समुदाय के लोग अपने पूर्वज बाबा हजरत की आराधना में करते हैं। यह समुदाय अफ्रीकी मूल के लोगों का है। दरअसल, इस डांस फोरम को सिद्धि समुदाय के लोक अफ्रीकी 'गोमा' म्यूजिक पर करते हैं।

गोमा शब्द न्गोमा से बना है, जिसका अर्थ 'ड्रम्स' होता है। जाहिर है इस डांस में ड्रम के संगीत का अहम स्थान है। इसकी खासियत है इसका कॉस्टयूम, धमाकेदार संगीत और लयबद्ध नृत्य के साथ पेश किए जाने वाले करतब। इस डांस के लिए जो ड्रम बाबा की मजार पर रखा हुआ है, वह इतना बड़ा और भारी है कि उसे चार आदमी ही उठा सकते हैं, इसलिए ये लोग कहीं परफोर्मेंस देने जाते हैं, तब मोडिफाइड यानी हल्का ड्रम ले जाते हैं।



### नृत्य समूह ने पाई अंतरराष्ट्रीय ख्याति

सिद्धि मसूद का कहना है कि इनका 50 सदस्यीय सिद्धि धमाल ग्रुप दिल्ली में जब ओलंपिक मशाल आई तब परफोर्मेंस करने गया था। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स के उद्घाटन समारोह में भी इस नृत्य का प्रदर्शन खूब वाहवाही लूट चुका है। साथ ही, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, रूस, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में भी इस डांस का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, टीवी के रीएलिटी शो डांस इंडिया डांस और इंडिया गोट टैलेंट में यह डांस ग्रुप शरीक हो चुका है। साथ ही, 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा' में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है।

### इस नृत्य का यह है इतिहास

माना जाता है कि करीब 1300 साल 628 ईस्वी में अफ्रीकी देशों मोंबासा, सूडान, तंजानिया, युगांडा आदि से विभिन्न कबीलों के लोग पहली बार भरुच पोर्ट पर उतरे थे। कुछ जानकार मानते हैं कि पुर्तगालियों ने अफ्रीकी कबीलों के बाशिंदों को जूनागढ़ के तत्कालीन नवाब को भेंट में दिया था। बहरहाल, इस समुदाय के अल्ताफ मसूद सिद्धि बताते हैं कि गुजरात में हजरत बाबा गोर ने इन कबीलाइयों को संगठित कर एक कबीला बनाया तथा समुदाय को 'सिद्धि' घोषित किया। यह वर्तमान में भरूच से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कुछ जानकार 'सिद्धि' का अर्थ 'हब्शी' भी बताते हैं। ये बाबा हजरत जहां रहे वह स्थान हजरत बाबा गोर कहलाया, जहां सिद्धि समुदाय बाबा हजरत की अकीदत में हर साल जून या जुलाई महीने में इकट्ठा होकर उनकी आराधना करता है। भारत में इस समुदाय के करीब 70 हजार लोग हैं। इनमें से लगभग 10 हजार गुजरात में हैं। इस आराधना के दौरान ये जो नृत्य करते हैं, उसे ये 'धमाल' कहते हैं। इस आराधना के दौरान बाबा हजरत के 125 जिक्र गाने के रूप में किए जाते हैं, फिर डांस होता है। मसूद के अनुसार इसमें डांस से ज्यादा ध्यान जिक्र यानी बाबा के जीवन की घटनाओं पर बने गानों पर दिया जाता है। इस मौके पर अफ्रीकी प्रसाद कावा और दूध सभी को दिया जाता है। इसी स्थान पर धमाल नर्तकों को करतब और कलाबाजियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्यतः यह डांस बाबा हजरत की आराधना में होता है, लेकिन अन्य खुशी के मौकों पर भी किया जाता है।



### यह होती है कलाकारों की वेशभूषा

'धमाल' के नर्तक पहले भेड़िए या बाघ खाल का स्कर्ट पहनते थे। अब इस पर रोक होने के कारण नीचे कपड़े का स्कर्ट रहता है, उसके ऊपर मोरपंख का कमरबंध पहनते हैं। इनके सिर में खपच्चियों की विशेष प्रकार की टोपी, बाजूबंद और गले से कमर तक का खास तरह का बना पट्टा रहता है। इनके चेहरे और शरीर पर वाटर कलर से विभिन्न डिजाइंस बनाई जाती है। यह डिजाइन उसका रूप कबीलाई बना देती है।

### रोमांचित करता है सिर से नारियल फोड़ना

जब एक-एक कर डांस ग्रुप के सदस्य नारियल को हवा में कई फीट तक उछालकर उसे सिर से फोड़ते हैं, तो दर्शक दाद दिए बगैर नहीं रह सकते। साथ ही, कुछ नर्तक मुंह से आग के गोले उगल दर्शकों को स्तब्ध कर देते हैं। फिर, इनका अफ्रीकी आदिवासियों के अंदाज की भाव-भंगिमाएं और अदाकारी दिलों को रोमांच से सराबोर कर देती हैं।

## कल से मेवाड़ में गूंजेगा पूरे देश का लोक संगीत, दस दिन तक जमेगा रंग

**उदयपुर।** यहां शिल्पग्राम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से 21 दिसंबर से आयोजित होने वाले शिल्पग्राम उत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस वृहद सांस्कृतिक आयोजन में शरीक होने के लिए मंगलवार शाम तक देशभर के अधिकतर लोक कलाकार पहुंच चुके हैं। वहीं, यहां लगने वाली हस्तशिल्प के उत्पादों की स्टाल्स भी तैयार हो चुके हैं। पूर्व में ही आवंटित करीब 400 स्टाल्स में से मंगलवार शाम तक 135 आर्टिजन पहुंचकर अपने स्टाल्स जमाने में लग चुके हैं। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि उत्सव में अपनी परफोरमेंस देने पहुंचे कलाकारों के ग्रुप्स ने शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर रिहर्सल शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि देश के तमाम हिस्सों से आर्टिजन अपने उत्पाद लाएंगे। इनमें मीनाकारी ज्वेलरी, खिलौने, शॉल, पोटरी, लाख की चूड़ियां, टेराकोटा, एम्ब्रोडरी आइटम्स, हैंडलूम, लेदर, जरी, गुजराती सिल्क साड़ियां, राजस्थान की टाई-डाई, मारबल आदि के प्रोडक्ट्स से लेकर सूखे मेवे तक उपलब्ध होंगे।



---

**सीआईडी की सूचना पर की कार्रवाई**

## ओडिसा से लाया जा रहा 20 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**बेधड़क** | झालावाड़

पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की सूचना पर झालावाड़ जिले की बकानी थाना पुलिस की टीम ने मंगलवार सुबह नाकाबंदी में प्राइवेट वीडियो कोच बस से दो तस्करों को गिरफ्तार कर ओडिसा से लाया जा रहा 20 किलो गांजा बरामद किया है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपए है।



अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी गोविंद चौहान (25) गरोडा थाना बड़ोद मध्य प्रदेश व दुर्गेश सिंह (19) नानोरा थाना बकानी जिला झालावाड़ का रहने वाला हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपियों ने ओडिसा के बोईपरीगुदा से साहिल नाम के व्यक्ति से गांजा जलाल खेड़ा निवासी दलिप सिंह के लिए लाना बताया है। एडीजी एमएन ने बताया कि सीआईडी टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति ओडिसा से अवैध मादक पदार्थ की बड़ी खेप लेकर आते हैं। सूचना की पुष्टि के लिए टीम गठित की गई। सूचना सही पाए जाने पर बकानी थाने के एसएचओ भूपेश शर्मा ने टीम के साथ मंगलवार को थाने के सामने नाकाबंदी की। इस दौरान एक प्राइवेट वीडियो कोच बस में बैठे तस्कर गोविंद चौहान व दुर्गेश को 20 किलो गांजे के साथ धर-दबोचा। इन दोनों को मुख्य आरोपी दलिप सिंह कैरियर के तौर पर 10-10 हजार रुपए देता है। तस्कर ओडिसा से राजस्थान तक का सफर कई ट्रेन और बसों को बदल-बदल कर करते हैं। इस सम्पूर्ण कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महेश कुमार, रविंद्र सिंह, शंकर दयाल, कमल सिंह, राकेश जाखड़ व कांस्टेबल नरेश कुमार की अहम भूमिका रही।

**आक्रोश को देख एक आरोपी को धरा**

## लव जेहाद केस में कार्रवाई नहीं करने का जताया विरोध

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के रामगंज थाने में मंगलवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने धरना दिया और लव जेहाद कर विवाहिता को अपने पास रखने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपी पर पीड़ित दिव्यांग महिला को उदयपुर जैसी घटना कारित करने की धमकी देने का भी आरोप जड़ा है। फिलहाल पुलिस ने मामला बढ़ता देख आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जमना देवी ने बताया कि उसकी बड़ी बहन विमला देवी दिव्यांग है। विमला की छोटी बहू नंदिनी आरोपी सिकंदर के साथ दो साल से रह रही है। नंदिनी ने धोखे से विमला का मकान गिफ्ट डीड करवा लिया, जिसे बाद में उसने कैंसल करवाया। वहीं नंदिनी और सिकंदर उसके घर में आए और सामान ले गए। अब पिंटू बन्ना नामक व्यक्ति भी मकान खाली करने की धमकियां दे रहा है। इस पूरे मामले में 13 दिसंबर को रामगंज थाना पुलिस को रिपोर्ट दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा नेता नितेश आत्रे ने कहा कि दीपदर्शन कॉलोनी के परिवार की बहू के साथ जहां पहले लव जिहाद हुआ इसके बाद परिवार को धमकाया जा रहा है और आरोपी उनके घर पर भी कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोपी सिकंदर महिला और उसके परिवार को काटने तक की धमकियां दे रहा है। हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने कहा कि विमला देवी की रिपोर्ट पर जांच की जा रही है।

---

**बिजली विभाग के एईएन सहित चार कार्मिकों की मौत**

# हादसा: टक्कर के बाद 30 फीट गहरी खाई में गिरी बोलेरो और ट्रोला

**बेधड़क** | अलवर

शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर अलवर-बहरोड रोड पर जिंदोली सुरंग के पास मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। इसमें सीमेंट से भरे ट्रोले व बोलेरो कार में जोरदार भिड़ंत हो गई।

हादसे के बाद दोनों वाहन रोड से नीचे करीब 30 फीट गहरी खाई में गिर गए। सीमेंट से भरा ट्रोला बोलेरो कार पर जा गिरा। इससे कार सवार 6 में से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो जने गंभीर घायल हो गए। विजयमंदिर थाना इंचार्ज शिवदयाल ने बताया कि राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के एईएन (पीएलसीसी) एसके अरोड़ा (56), टेक्नीशियन नटवर (40) व रविंद्र शर्मा (38) और बाबूलाल (46) की हादसे में मौत हो गई। बोलेरो में सवार रेडियो मैकेनिक मदन चंद मीना (46) गंभीर घायल हैं। वहीं जेईएन राजेश गुर्जर (38) के पैर में फ्रैक्चर हुआ है।

चार मृतकों के शव जिला अस्पताल अलवर की मोर्चरी में रखवाए गए। बोलेरो कार में अलवर बिजली विभाग की टीम के 5 अधिकारी-कर्मचारी सवार थे। यह टीम अलवर शहर के काली मोरी इलाके से रवाना हुई थी।

इस दौरान बोलेरो ट्रोले की चपेट में आ गई और दोनों वाहन खाई में जा गिरे। घटना के बाद ग्रामीणों ने सीमेंट के कट्टे रखकर अलवर-बहरोड़ मार्ग दोपहर करीब 12 से 1:30 बजे तक बंद कर दिया, जिसे पुलिस की समझाइश के बाद खोला गया।

### ट्रॉले में सवार लोग बचे

मौके पर घायलों को बचाने में जुटे लोगों ने बताया कि बोलेरो में 6 लोग थे। एक युवक (राजेश) टायर के नीचे दबा दिख रहा था। बाकी नजर नहीं आए। वहीं ट्रोले में सवार लोग बच गए। ट्रोला सीमेंट से ओवरलोड था। बोलेरो कार पूरी तरह चिपक गई। खाई में गिरने के बाद वाहनों के टायर ऊपर की ओर थे। हादसे के बाद घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।



### जिंदोली घाटी के मोड पर भिड़े दोनों वाहन

पुलिस ने बताया कि अलवर से बिजली विभाग की टीम बोलेरो कार में निकली थी। जिंदोली घाटी के मोड़ पर बोलेरो और सीमेंट से भरे 22 चक्का ट्रोला की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बोलेरो बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। इसके बाद ट्रोला भी बोलेरा पर गिर गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद में जुट गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी को बुलाकर ट्रोले को बोलेरे के ऊपर से हटाया गया। कार पूरी तरह ट्रोले के नीचे दबी होने के कारण घायलों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### बस ने गर्भवती महिला को कुचला

**कोटा।** जिले में रोडवेज की तेज रफ्तार बस ने दो महीने की गर्भवती महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना सोमवार शाम को कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के सकतपुरा लैंडमार्क सिटी रोड पर नेवाजी पैलेस के पास हुई। महिला अपने पति और 10 वर्षीय बेटी के साथ बाइक पर जा रही थी। उनकी बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इससे महिला और उसकी बेटी सड़क पर गिर गईं। इसी बीच भीलवाड़ा डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस ने महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया और रोडवेज बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया। मृतका की पहचान गोना (40) के रूप में हुई है, जो बारां जिले के रहने वाले मुकेश की पत्नी थी। मुकेश लैंडमार्क सिटी इलाके में एक हॉस्टल के मेस में रसोइये के रूप में काम करता है।

एबीवीपी के राष्ट्रीय कला मंच की ओर से जयपुर कला महोत्सव

# कॉलेज छात्रों के हुनर से मंच पर जीवंत हुई रंग-बिरंगी संस्कृति

**बेधड़क** | जयपुर

श्री महावीर कॉलेज के प्रांगण में कॉलेज छात्र-छात्राओं के शानदार हुनर व कला के रंग बिखरे। मौका था अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जयपुर महानगर के राष्ट्रीय कला मंच की ओर से आयोजित दो दिवसीय जयपुर कला महोत्सव का। कला महोत्सव में चित्रकला, शास्त्रीय संगीत, गायन, नृत्य और भारतीय संस्कृति की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं मोमेंटो प्रदान किए गए तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जयपुर राज्य संगठन सचिव मनन चतुर्वेदी, उपमन्यु सिंह, कॉलेज के प्रिंसिपल आशीष गुप्ता और अभिनेत्री अनीता प्रधान आदि ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की। कला महोत्सव में डांस प्रतियोगिता में कनोड़िया कॉलेज, रैंप वॉक में एसआईटीईटी ग्रुप, पेंटिंग प्रतियोगिता में नेहा गुर्जर और गायन में पंजाबी ग्रुप विजेता रहे। कार्यक्रम में आरजे अर्जुन, सिमरन अग्रवाल, सारिका राठौड़, श्वेता मोडिया और सुरेंद्र सोनी सहित कई सेलिब्रिटी मेहमानों को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में महानगर मंत्री ट्विंकल शर्मा और आरकेएम संयोजक पूजा गोस्वामी ने भी प्रतिभागियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।





### हर छात्र को मिला प्रतिभा दिखाने का मंच

मुख्य अतिथि मनन चतुर्वेदी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से प्रत्येक छात्र को अपनी आंतरिक प्रतिभा दिखाने और हम सभी में एक कलाकार खोजने का मंच दे रहा है। उपमन्यु सिंह ने बताया कि जयपुर कला महोत्सव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम है। एबीवीपी कैंपस में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ काम कर रही है और आज वैश्विक परिदृश्य में भारत बुलंदियों पर पहुंच रहा है। श्री महावीर कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि आरकेएम ने अपनी पहल के माध्यम कॉलेज छात्रों को अपनी आंतरिक प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है।



## Yuva स्टोरीज

### राजस्थान नेटबॉल पुरुष टीम ने जीता रजत पदक



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की नेटबॉल टीम ने इतिहास रचते हुए राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग) में राज्य की पुरुष वर्ग की टीम ने रजत पदक हासिल किया है। नेटबॉल स्पोर्ट्स सोसायटी भरतपुर राजस्थान के अध्यक्ष भगवान सहाय कौशिक ने बताया कि हरियाणा के भिवानी जिले में 14 से 17 दिसंबर तक आयोजित 41वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग) में राज्य की पुरुष वर्ग की टीम ने रजत पदक जीता है। टीम के खिलाड़ी विजय प्रताप सिंह (कप्तान), संजय सैन (उप कप्तान), विजेंद्र चौपड़ा, प्रवीण सिंह, देवेन्द्र कुमार चौधरी, अखिल यादव, गौरव जांगिड़, मोहित, रामाराम, अनूप, बंसी लाल और ओमप्रकाश हैं। टीम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे विवेक सैन ने प्रशिक्षण दिया। पुरुष वर्ग टीम के कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निधि शर्मा और प्रबंधक वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी आयुष ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नन्हे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**जयपुर**। जवाहर नगर स्थित सैंट एडमंड स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल रेट्रो डांस कॉम्पिटिशन में शहर के कई स्कूलों के स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में राइज एन्ड रन प्री प्राइमरी स्कूल प्रथम, सैंट एडमंड स्कूल द्वितीय तथा मिलियन मिरेकल स्कूल तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को ट्रॉफियां व सर्टिफिकेट दिए गए।

### संगोष्ठी में शामिल हुए चार सौ शिक्षाविद्




**बेधड़क** | जयपुर

इंस्पिरा रिसर्च एसोसिएशन की दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी राजकीय महाविद्यालय चिमनपुरा में मंगलवार को सम्पन्न हुई। संगोष्ठी में देश विदेश के चार सौ शिक्षाविद शामिल हुए। इंस्पिरा के संस्थापक व अध्यक्ष प्रो. एसएस मोदी ने बताया कि सेमिनार में बहुविषय शोध तथा अनेक क्षेत्रों में आ रहे परिवर्तनों पर चर्चा की गई। पहले दिन प्रो. एनएम शर्मा ने तकनीकी परिवर्तनों पर चर्चा की। प्रो. शंभूदयाल यादव ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि निर्वाण विश्ववियालय के कुलपति प्रो अरविंद अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि विवेकानंद विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति प्रो. विजयवीर सिंह रहे। राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रो. एमके पंडित तथा शेखावाटी विश्वविद्यालय के प्रो. भगीरथ सिंह ने भी संगोष्ठी में भाग लिया। तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता करते हुए प्रो. एनडी माथुर, प्रो. रवि शर्मा, अनिल मेहता तथा ममता जैन ने सभी प्रतिभागियों और शोधार्थियों को बहुमूल्य सलाह दी। सचिव प्रो. रविकांत मोदी ने बताया कि सेमिनार के दोनों दिन शोधपत्र पढ़ने वाले प्रतिभागियों में से सर्वोत्तम को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन संयुक्त सचिव डॉ. आरती चोपड़ा ने किया।

PIIT में शुरू हुआ 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन' ग्रैंड फिनाले

# सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस तलाशने जुटा यंग टैलेंट

**बेधड़क** | जयपुर

एजुकेशन, स्मार्ट ऑटोमेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, एजुकेशन इकोसिस्टम, महिला सुरक्षा व पर्यावरण जैसे कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए देशभर से आए युवाओं की टीमें मंगलवार को पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी में जुटीं। मौका था इंस्टीट्यूट में 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2023' के ग्रैंड फिनाले का। फिनाले में आईआईटी, एनआईटी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों के 180 से अधिक स्टूडेंट्स की 30 टीमें झारखंड सरकार के लिए कुछ रीयल टाइम प्रॉब्लम्स के सॉफ्टवेयर आधारित समाधान तैयार कर रही हैं। इसके लिए ये स्टूडेंट्स लगातार 36 घंटे काम करेंगे। इनके काम का 12 सदस्यीय विशेषज्ञों के पैनल द्वारा गहन आकलन किया जाएगा। समापन पर विजेता पांच टीमों को पुरस्कार स्वरूप एक-एक लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। चयन के मानदंडों में तकनीकी क्षमता के साथ-साथ व्यावहारिक दुनिया में प्रयोग व इनोवेशन शामिल होंगे।



### देशभर में 47 सेंटर्स पर हुए कार्यक्रम

हैकथॉन के उद्घाटन समारोह में आईटी इंडस्ट्री के विशेषज्ञ गेस्ट के तौर पर उपस्थित रहे। सॉफ्टसर्व इंक के फाउंडर मनोज पिपरसानिया मुख्य अतिथि थे, जबकि होवर रोबोटिक्स के संस्थापक और सीईओ डॉ. मुनीश जिंदल गेस्ट ऑफ ऑनर तथा इन्फोसिस के माइनिंग इंजीनियर प्रोफेशनल ललित मोहन सोनी स्पेशल गेस्ट थे। इन सभी ने स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया। मेजबान पीआईईटी के डायरेक्टर डॉ. दिनेश गोयल ने बताया कि यह इवेंट देशभर के स्टूडेंट्स के लिए सॉफ्टवेयर इनोवेशन व प्रॉब्लम सॉल्विंग का मंच साबित हुआ है। सॉफ्टवेयर एडिशन के हैकथॉन का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) तथा इनोवेशंस फॉर ए कनेक्टेड वर्ल्ड की ओर से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के छठे संस्करण के लिए पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सहित देशभर में 47 संस्थानों को नोडल सेंटर बनाया गया है। मंगलवार को सभी सेंटर्स पर हैकथॉन का केंद्रीकृत उद्घाटन हुआ, जिसके बाद स्थानीय उद्घाटन समारोह आयोजित किए गए।



*कुन्दनपुरा स्थित गोल्डन ऐरा एकेडमी के वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन बिड़ला ऑडिटोरियम में स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा से रंग जमा दिया। कक्षा 5 से 12वीं तक के स्टूडेंट्स ने लाजवाब प्रस्तुतियां दीं व दर्शक दीर्घा में मौजूद स्टाफ, अभिभावकों व अन्य स्टूडेंट्स ने जोश के साथ उनका हौंसला बढ़ाया।*

छात्रों को राहत के लिए फैसला

# एक सब्जेक्ट में अटके डीयू स्टूडेंट्स को मिलेंगे 10 ग्रेस मार्क्स



**बेधड़क** | नई दिल्ली (एजेंसी)

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने ऐसे छात्रों को उत्तीर्ण होने के लिए 10 कृपांक (ग्रेस मार्क्स) देने का फैसला किया है, जो एक विषय में उत्तीर्ण होने में असफल रहे हैं और डिग्री प्राप्त करने के सभी विशेष अवसर खो चुके हैं। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक छात्रों को उनकी डिग्री प्राप्त करने के लिए कृपांक के रूप में 10 अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे और यह केवल उन विद्यार्थियों के लिए लागू होगा जो अपने सभी विशेष अवसरों का लाभ उठाने के बावजूद एक विषय उत्तीर्ण नहीं कर पाए हैं।

अगर कोई छात्र एक ही विषय में असफल होने के कारण अपनी डिग्री पूरी नहीं कर पाया है, तो दिल्ली विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण करने और उनकी डिग्री प्राप्त करने में मदद करने के लिए 10 अतिरिक्त अंक देगा।

ग्रेस मार्क्स के प्रावधान के दायरे में वे छात्र भी शामिल होंगे जिनकी डिग्री देश में कोविड-19 के प्रकोप के दौरान 2021-22 और 2022-23 में पूरी होनी चाहिए थी, और जो चार प्रश्नपत्र की सीमा के साथ 'शताब्दी अवसर' के लिए परीक्षा में उपस्थित हुए थे। डीयू की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली इकाई कार्यकारी परिषद द्वारा अनुमोदित एक प्रस्ताव के अनुसार यह सुविधा यूजी और पीजी कार्यक्रमों के अलावा एमफिल के छात्रों को भी मिलेगी।

### समिति करेगी आवेदन का मूल्यांकन

यह निर्णय उन छात्रों को राहत देने के लिए लिया गया है, जो या तो दूरस्थ शिक्षा, संसाधनों तक सीमित पहुंच या स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं जैसी अप्रत्याशित चुनौतियों के कारण महामारी के दौरान परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे या उनकी डिग्री एक विषय में अफसल होने के कारण अधर में लटकी हुई है। प्रस्ताव के मुताबिक कृपांक प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के अनुरोधों का मूल्यांकन करने के लिए अकादमिक सलाहकारों, संकाय सदस्यों और प्रशासक की एक समिति का गठन किया जाएगा। छात्रों को एक विषय में असफल होने का एक वैध कारण प्रस्तुत करना होगा जिस पर मामला दर मामला आधार पर विचार किया जाएगा। समिति ऐसे छात्रों के लिए एक 'विशेष अवसर परीक्षा' आयोजित करने पर भी फैसला करेगी ताकि वे अपनी डिग्री पूरी कर सकें।

परिचर्चा | राजस्थान विवि के जैन अनुशीलन केंद्र में राष्ट्रीय संगोष्ठी

# आज की जरूरत है 'पर्यावरण संरक्षण परमो धर्मः'

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के जैन अनुशीलन केंद्र के 50वें स्थापना वर्ष, भगवान महावीर के 2550वें निर्वाणोत्सव और हरिसिंह रांका की स्मृति में 'जैन परम्परा में पर्यवारण चिंतन' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की। मुख्य अतिथि चेन्नई व कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश नगेन्द्र कुमार जैन थे। विशिष्ट अतिथि मीना रांका फैमिली फाउंडेशन की ट्रस्टी नीना कमल रांका थी। जैन अनुशीलन केंद्र की निदेशक प्रो. रश्मि जैन ने अपने केंद्र के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। आयोजन सचिव रोहित कुमार जैन ने संगोष्ठी की प्रस्तावना रखी। मुख्य वक्ता लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के जैन दर्शन विभागाध्यक्ष प्रो.वीरसागर जैन ने कहा कि जैन धर्म का प्रमुख संदेश 'अहिंसा परमो धर्मः' है लेकिन आज पर्यावरण सम्बन्धी समस्याओं को देखते हुए इसे 'पर्यवारण संरक्षण परमो धर्म' का नारा बुलंद करना चाहिए। जस्टिस एन के जैन ने कहा कि हमें प्रकृति संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि आज पर्यवारण की समस्या वैश्विक समस्या है जिस पर सामूहिक सामुदायिक चिंतन आवश्यक है।इस अवसर पर जैन अनुशीलन केंद्र के पूर्व निदेशक प्रो. अनिल जैन, प्रो. पीसी जैन व प्रो. संजीव भानावत का सम्मान किया गया।



### धर्म और विज्ञान की पर्यावरण बचाने में भूमिका

संगोष्ठी का दूसरा सत्र परिचर्चा सत्र रहा जिसमे विभिन्न विद्वान शामिल हुए जिनमे प्रो.दयानद भार्गव, राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी के अध्यक्ष प्रो. धर्मचंद जैन, एमेरिटस प्रो.सुषमा सिंघवी, केंद्र के पूर्व निदेशक प्रो. अनिल जैन, प्रो. दीपक श्रीवास्तव आदि शामिल हुए। इन्होंने जैन साहित्य में पर्यवारण संरक्षण, अपरिग्रह और पर्यावरण संरक्षण, श्रावक जीवन और पर्यवारण संरक्षण, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण, जैन सिद्धान्त और पर्यवारण आदि विषयों पर सार्थक परिचर्चा की। प्रो. दयानन्द भार्गव ने कहा कि धर्म पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकता है और विज्ञान पर्यावरण के प्रदूषित होने पर उसे शुद्ध होने के उपाय बताता है। प्रो. सुषमा सिंघवी ने बताया कि समाज की सोच व्यक्ति केंद्रित के स्थान पर सृष्टि केंद्रित होनी चाहिए। प्रो. अनिल जैन ने लोक साहित्य में महाकाव्यों के विवरणों पर प्रकाश डाला और अहिंसा के रोचक उद्धरण प्रस्तुत किए। प्रो. धर्मचंद ने जीवन मे मूल्यात्मक दृष्टिकोण के महत्व को बताते हुए अपरिग्रह की अनुकरणीय व्याख्या की। सत्र संयोजक दीपक श्रीवास्तव ने जैन सिद्धान्तों की तुलना पाश्चात्य पर्यावरण विचारों से करते हुए भारतीय पर्यवारण दृष्टिकोण को सर्वग्राही और सुसंगत बताया। इस सत्र में विद्वानों ने प्रतिभागियों के विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। डॉ. बिपिन दोषी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित अंतिम तकनीकी सत्र में देश भर से आए शोधार्थियों ने पत्रवाचन किया।

# श्मशान में पुरुषवादी रूढ़ियों को तोड़ती बेटियां



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

महिलाएं अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार नहीं कर सकतीं, इसके पीछे कई तर्क हैं। एक तर्क यह भी है कि उनका तन-मन कोमल और कमजोर है। अंत्येष्टि की क्रियाओं का मन पर बुरा असर पड़ सकता है, लेकिन कई घटनाएं इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी काम को पूर्ण करने के लिए संवेदनाओं का होना जरूरी है। करीब 22 साल पुरानी घटना है। वृंदावन में अमारबाड़ी आश्रम है। यहां की एक विधवा सप्तदल ने होली के दिन प्राण त्यागे। चौकीदार त्योहार मनाने गया था। आश्रम की 60 से 105 साल तक की 65 विधवाओं के बीच एक भी मर्द मौजूद नहीं था। 105 साल की लखीदासी ने कहा कि रोना-धोना छोड़ो, चौकीदार कब लौटेगा क्या भरोसा। आगे की सोचो। मौके की नजाकत देखते हुए चंद अपाहिज, लाचार बूढ़ियां आश्रम से निकलकर द्वार-द्वार की याचिका बन गईं। किसी ने दरवाजा खोला, किसी ने अंदर से घुड़क दिया। एक द्वार पर लड़की गीता ने द्वार खोला। उसके पिता ने मृतका की जाति पूछी। चुप्पी पर बोला, जात नहीं पता तो दूसरा दरवाजा देखो माई, यह कुलीन ब्राह्मण का घर है। अज्ञात कुल-गोत्र की विधवा के दाह-संस्कार की याचना को सभी वर्णों ने बड़ी निर्ममता से नकार दिया था। गीता का मन संवेदना से भर गया। उसने अपने भाई से मदद मांगी, उसने मना कर दिया। गीता इंटर की छात्रा थी। उसने पड़ोस में रहने वाली दो सहेलियों अनसूया और दीपा को तैयार किया। मां से बहाना बनाकर कुछ पैसे लिए और तीनों आश्रम की ओर चल पड़ीं। तीन किशोरियां और शेष बूढ़ियां। काम भी ऐसा, जिसे करने की कल्पना तक नहीं की थी। अनाड़ी हाथों से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी।

तीनों किशोरियों के साथ शव को चौथा कंधा दिया लखीदासी ने। झुकी कमर और निस्तेज नजर वाली वे दीन-हीन विधवाएं पीछे चल पड़ीं। श्मशान दूर था। हर दस कदम बाद कंधे बदलने पड़े पर हौसला नहीं टूटा। यह सिर्फ शवयात्रा नहीं थी, अल्ट्रासाउंड के बाद मादा भ्रूण को गर्भ में ही नष्ट करा देने की साजिश से लेकर औरत को चिता पर यह अंगारे न दे सकने की पुरुष वर्ग की खुदगर्जी और संवेदनहीनता के खिलाफ स्त्रियों का एकजुट जातीय प्रदर्शन था। उन सभी को उस वक्त ऐसा ही लगा था। लड़कियों ने शवदाह के लिए लकड़ियां खरीदीं, सबने चिता सजाई। लखीदासी ने मुखाग्नि दी। वह दोनों हाथ जोड़ चीख पड़ी, सप्तदल तेरी सौगंध आज से कोई औरत अंतिम संस्कार के लिए किसी मर्द की मोहताज नहीं होगी। बड़े आदमी जो काम नहीं कर पाए, वो बच्चियों ने कर दिखाया। समाज को नई दिशा दिखाने का काम किया, क्योंकि उनमें संवेदनाएं थीं। इनकी बदौलत हर काम संभव है, क्या नारी और क्या पुरुष। किसी भी इंसान के जीवन-मरण संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लेख 18 पुराणों में से एक गरुड़ पुराण में मिलता है। यह एक प्राचीन हिंदू शास्त्र है, जो वेदों की परंपरा का ही हिस्सा है। हालांकि इस ग्रंथ में महिलाओं और दाह संस्कार जैसी किसी व्यवस्था का जिक्र नहीं है।

> *पिछले कुछ वर्षों में बेटियों, पत्नियों और बहनों की ओर से अंत्येष्टि करने के मामले सामने आए हैं। यह परिवर्तन जरूरी भी है। अब समय आ गया है कि महिलाएं अंतिम संस्कार कर सकती हैं या नहीं, इन सवालों को दरकिनार करते हुए हम इस बदलाव को लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपनी बेटियों को अंतिम संस्कार का अधिकार दें।*

महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार न किए जाने के पीछे तर्क यह दिया जाता है कि श्मशान घाट पर हमेशा नकारात्मक ऊर्जा फैली होती है। यह उनके शरीर में प्रवेश कर सकती है। अंतिम संस्कार के दौरान शव के कपाल को तोड़ा जाता है, इसके लिए मजबूत शरीर और मन चाहिए। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अंतिम संस्कार में परिवार के सदस्यों को बाल कटवाने पड़ते हैं और शव के जलते समय वातावरण में कीटाणु फैल जाते हैं। यह शरीर के कोमल हिस्सों में चिपक जाते हैं, इसलिए बाल कटवाने के बाद स्नान किया जाता है। महिलाओं के मुंडन को शुभ नहीं माना जाता। कहा जाता है कि शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के बाद पूरे घर की सफाई की जाती है, इसलिए घरेलू कामों के लिए औरतों को घर में रोका जाता है।

प्रख्यात ज्योतिषी पंडित प्रवीण उपाध्याय के मुताबिक, महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार किया जाना पूरी तरह उचित है। किसी के मोक्ष प्राप्ति में भागीदार बनना पुण्य का काम है। अगर किसी के परिवार में पुरुष नहीं है तो महिलाएं अंतिम संस्कार कर सकती हैं। महिलाओं को मुंडन करवाने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि अनेक साधु, संत, शंकराचार्य और धर्म शास्त्र इस प्रक्रिया को शास्त्र के अनुरूप नहीं मानते। उनका मानना है कि अगर महिला मुखाग्नि देती है तो उस आत्मा को सद्गति प्राप्त नहीं होती। पर अब यह परंपराएं बदल रही हैं और बेटियों के अपने पिता को मुखाग्नि देने के मामले सामने आते रहते हैं। एक घटना राजस्थान के डीडवाना जिले की है। एक महिला की मौत के बाद उसकी पांच बेटियां उसकी मुक्तिदाता बनीं। बेटियों ने मां की चिता को न सिर्फ कांधा दिया, बल्कि मुखाग्नि भी दी। यह घटना बताती है कि मरूधरा भी अब सामाजिक बदलाव के दौर से गुजर रही है।

बीते डेढ़ दशकों में इस व्यवस्था को चुनौती देने, व्यावहारिक बनाने वाले दर्जनों उदाहरण इसी भारतीय परंपरागत व्यवस्था में सामने आए हैं। पहले पिता की मौत के बाद पुत्र नहीं होने पर परिवार के किसी रिश्तेदार के सिर पर पगड़ी बांधी जाती थी, लेकिन अब परंपराएं बदलाव के दौर में हैं। बदलते परिदृश्य में इस प्रथा पर किसी तरह का बंधन नहीं होना चाहिए। अच्छी परंपराओं को बनाए रखना भी हमारा कर्म है और खराब प्रथा और रूढ़ियां जो निरर्थक हैं, उन्हें तोड़ना भी जरूरी है। अब समय आ गया है कि हम अपनी बेटियों को यह विश्वास दिलाना बंद करें कि वे अपने माता-पिता के मोक्ष में बाधा बन सकती हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## पाकिस्तान ने कभी स्वीकार नहीं किया कि दाऊद पाक में है

# दाऊद इब्राहिम की मौत या तमाशा!




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत का मोस्ट वांटेड अपराधी और अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम एक बार फिर सुर्खियों में है। उसकी मौत की खबरें सोशल मीडिया पर आग की तरह फैली है। कहा जा रहा है कि उसे जहर दिया गया है और वह कराची के एक अस्पताल में भर्ती है। इस खबर में कितनी सच्चाई है यह तो खुदा जाने लेकिन जिस तरह रविवार की रात से ही पाकिस्तान में इंटरनेट सेवाएं बाधित रही उसने इस खबर को खूब हवा दी है। पाकिस्तान की मीडिया से ही इस खबर को बल मिला है।

हालांकि ग्लोबल नेटवर्क मॉनिटर नेटब्लॉक्स ने दावा किया है कि जेल में बंदी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को निशाना बनाकर इंटरनेट सेंशरशिप की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने एक वर्चुवल रैली की थी जिसमें आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की मदद से इमरान खान की क्लोन आवाज का इस्तेमाल किया गया था। वर्चुअल रैली को फेसबुक, एक्स और यूट्यूब पर 40 लाख से अधिक लोगों ने देखा। बहरहाल सच जो भी हो पर अंडरवल्र्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की मौत को लेकर यह तमाशा कोई पहली बार नहीं हुआ है। 2020 में भी जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में थी तब भी दाऊद इब्राहिम की मरने की खबर हवा में तैरी थी। समझना होगा कि अगर दाऊद इब्राहिम की मौत होती भी है तो पाकिस्तान उसकी पुष्टि नहीं करने वाला। वह अपनी फजीहत क्यों कराएगा। वैसे भी वह बार-बार कह चुका है कि दाऊद उसके यहां नहीं है।

> *गत वर्ष पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के विशेष दूत शहरयार खान ने लंदन स्थित इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में स्वीकारा था कि 'दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान में था लेकिन मेरा मानना है कि उसे पाकिस्तान से बाहर खदेड़ दिया गया है। यदि वह पाकिस्तान में है तो उसे ढूंढ लिया जाएगा और गिरफ्तार कर लिया जाएगा।' लेकिन देखा गया कि चंद घंटे बाद ही उनके सुर बदल गए।*

गौर करें तो वह ओसामा-बिन-लादेन के बारे में भी इसी तरह झूठ बोलता था, लेकिन जब वह एबटाबाद में मारा गया तो उसकी पोल खुल गई। दाऊद भी पाकिस्तान में ही है। वह कराची से लश्कर, जैश और अलकायदा से सांठगांठ कर आतंकी नेटवर्क चला रहा है। पाकिस्तान उसे 24 घंटे सुरक्षा कवच उपलब्ध कराता है। याद होगा आईएसआईएस और अलकायदा पर प्रतिबंध की निगरानी करने वाली संयुक्त राष्ट्र की समिति कड़ी जांच के बाद दाऊद इब्राहिम के पाकिस्तान में ही होने और उसके छः पतों को सही ठहराने की पुष्टि कर चुकी है। दाऊद न सिर्फ भारत का मोस्ट वांटेड है, बल्कि यूनाइटेड नेशन सिक्युरिटी काउंसिल द्वारा भी वैश्विक आतंकी घाषित किया जा चुका है। उस पर ढाई करोड़ डॉलर का ईनाम घोषित है। भारत भी दाऊद इब्राहिम के ठिकाने को कई बार उद्घाटित कर चुका है। उसके कई ठिकाने पाकिस्तान स्थित कराची, इस्लामाबाद और रावलपिंडी में हैं। गत वर्ष पहले पश्चिमी देश की एक खुफिया एजेंसी ने भी दाऊद इब्राहिम के पाकिस्तान में होने की पुष्टि की थी। उस खुफिया एजेंसी ने दाऊद इब्राहिम और दुबई के एक प्रापर्टी डीलर के बीच बातचीत रिकार्ड किया था, जिसमें उसका लोकेशन पाकिस्तान के कराची के उपनगर क्लिफटन में होने का पता चला था। यही नहीं गत वर्ष पहले पकड़े गए आतंकी अब्दुल करीम टुंडा ने भी स्वीकारा था कि दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान में ही है। उसने खुलासा किया था कि उसकी डी कंपनी नकली नोट और नशे के कारोबार के अलावा रीयल स्टेट और क्रिकेट मैच फिक्सिंग के धंधे में लिप्त है।



भारतीय खुफिया एजेंसियां कई बार कह चुकी हैं कि दाऊद इब्राहिम पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संरक्षण में करांची में है। इसके कई अकाट्य प्रमाण भी दिए हैं। लेकिन पाकिस्तान मानने को तैयार नहीं। उसके सभी हुक्मरान एक सुर में अलापते हैं कि दाऊद पाकिस्तान में नहीं है। याद होगा गत वर्ष पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के विशेष दूत शहरयार खान ने लंदन स्थित इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में स्वीकारा था कि 'दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान में था लेकिन मेरा मानना है कि उसे पाकिस्तान से बाहर खदेड़ दिया गया है। यदि वह पाकिस्तान में है तो उसे ढूंढ लिया जाएगा और गिरफ्तार कर लिया जाएगा।' लेकिन देखा गया कि चंद घंटे बाद ही उनके सुर बदल गए। फिर वे कहते सुने गए कि 'गृह मंत्रालय को शायद दाऊद के बारे में पता होगा, लेकिन विदेश मंत्रालय को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुझे तो यह भी पता नहीं कि वह पाकिस्तान में रहा भी है।'

विचार करें तो शहरयार खान की भाषा वही रही जो आज के पाकिस्तानी हुक्मरानों की है। नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान ओसामा-बिन-लादेन को लेकर तब तक दुनिया की आंखों में धूल झोंकता रहा जब तक कि वह मारा नहीं गया। वह अमेरिका को समझाता रहा कि ओसामा-बिन-लादेन पाकिस्तान में नहीं है, लेकिन अमेरिका उसकी झांसेबाजी में नहीं आया और एबटाबाद में घुसकर लादेन को मार गिराया। फिर समझना कठिन नहीं कि जो पाकिस्तान अमेरिका से हर वर्ष अरबों डॉलर की भीख लेने के बावजूद भी उसकी आंखों में धूल झोंक सकता है तो उसके लिए भारत को गुमराह करना कौन सी बड़ी बात है। याद होगा ओसामा-बिन-लादेन के मारे जाने के बाद भी अलकायदा के तीसरे नंबर का आतंकी शालिद शेख मुहम्मद, अलकायदा नेटवर्क को संभालने वाला अबू जुबैदिया, यासर जजीरी और अबू फरज फर्ज सभी पाकिस्तान से ही पकड़े गए थे। जबकि पाकिस्तान शुरू से कहता रहा कि ये आतंकी पाकिस्तान में नहीं हैं। दाऊद के अलावा भारत के कई मोस्ट आतंकी भी पाकिस्तान में छिपे हैं। लेकिन पाकिस्तान मानने को तैयार नहीं है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि भारत के विरुद्ध प्रायोजित आतंकवाद से पाकिस्तान बाज आने वाला नहीं है।

पठानकोट के हमले के बाद उसने भरोसा दिया था कि आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा, लेकिन वह उल्टे उन्हें बेगुनाह बताने पर आमादा दिखा। कुछ वर्ष पहले भारत सरकार ने पाकिस्तान को 50 मोस्ट आतंकियों की सूची सौंपी थी। आज तक उसने एक भी आतंकी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। वह आज भी मानने को तैयार नहीं कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले में उसका कोई हाथ भी था। जबकि शिकागों की अदालत में पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी आतंकी डेविड कोलमैन हेडली कह चुका है कि मुंबई आतंकी हमले की साजिश पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और उसकी पाल्य आतंकी संगठन लश्करे तैयबा ने रची थी, लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है।

सच्चाई है कि आज पाकिस्तान आतंकियों का सबसे बड़ा अड्डा है और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देती है। गत वर्ष पहले अमेरिका द्वारा पुष्टि किया जा चुका है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ परोक्ष रूप से युद्ध छेड़ रखा है। उसकी रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तान सीधे तौर पर भारतीय सेना का मुकाबला करने में अक्षम है इसलिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करता है। पेंटागन भी कह चुका है कि अफगानिस्तान और भारत में दहशतगर्दी फैलाने के लिए एकमात्र पाकिस्तान जिम्मेदार है। वर्ष पहले अमेरिकी विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ कि पाकिस्तान के संघ प्रशासित कबायली क्षेत्र (फाटा), पूर्वोत्तर खैबर पख्तुनवा और दक्षिण-पश्चिम ब्लूचिस्तान क्षेत्र में कई आतंकी संगठन पनाह लिए हुए हैं और यहीं से वे स्थानीय, क्षेत्रीय और वैश्विक हमलों की साजिश बुन रहे हैं। भला ऐसे में पाकिस्तान क्यों स्वीकार करेगा की दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान में है या उसकी मौत हो चुकी है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



कवि
सुनील कुमार महला

### जंग के बीच

*कत्लगाह में परिवर्तित*
*हो गई है गाजा-पट्टी*
*हो गया है इंसानियत का पतन*

*सच तो यह है कि*
*इंसानियत का संपूर्ण दरख़्त*
*आज हो गया है प्रदूषित*

*घोर प्रदूषित युद्धक विमान*
*शरणार्थी शिविरों पर हमलावर हैं*
*अस्पताल भी बख्शे नहीं जाते हैं*

*इजरायल हमास को*
*सबक सिखाना चाहता है*
*या हमास इजरायल को?*
*समझ से परे है*

*आखिर एक इंसान को दूसरे*
*इंसान को सबक सिखाने की*
*यह स्वतंत्रता दी किसने है ?*
*कौन किसको सबक सिखा रहा है ?*

*हर ओर बदले की भावनाएं हैं*
*घायलों की चीख-पुकारों से*
*माहौल गूंजता है*
*शांति के पैरोकार कहां नदारद हो गए हैं ?*

*हर तरफ अशांति, अन्याय, भय और*
*मौत का घर है यहां*
*नफ़रत ही नफ़रत का आलम है*
*शांति के पैगम्बर ढूढ़े जा रहे हैं*

*बारूद की इस दुनिया में*
*न जाने कब बंद होगा*
*ये 'नंगा मुजाहिरा ?*

## नॉलेज कॉर्नर: आज भी ब्रिटेन की शान है भारत का नायाब हीरा

# आसानी से ब्रिटेन नहीं पहुंचा था कोहिनूर

कोहिनूर को सिर्फ उसकी कीमत के लिए ही नहीं, बल्कि खूबसूरती के लिए भी जाना गया। जो कभी भारत में था। इसे भारत से लंदन तक पहुंचाने का काम किया भारत के गवर्नर जनरल रहे लॉर्ड डलहौजी ने। कोहिनूर को ब्रिटेन की महारानी तक पहुंचाने में कई मुश्किलें आईं। मोहम्मद शाह की सेना को हराकर ईरानी शासक नादिरशाह मार्च 1739 में दिल्ली पहुंचा था। दिल्ली की लूटपाट में नादिरशाह को बेशुमार दौलत के साथ कोहिनूर हीरा भी मिला। कोहिनूर मुगल बादशाह शाहजहां के मयूर सिंहासन 'तख़्त-ए-ताऊस' में जड़ा हुआ था। जिसे नादिरशाह ईरान ले गया। कई हाथों से होते हुए आखिरकार कोहिनूर पर अंग्रेजों का कब्जा हो गया। अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### कोहिनूर का इतिहास

भारतीय इतिहास की कहानी कोहिनूर के बिना अधूरी है। इसका इतिहास करीब 5000 साल पुराना है। बता दें कि हीरे का वर्तमान नाम कोहिनूर फारसी में है। इतिहासकारों के अनुसार, कोहिनूर की खोज आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में गोलकुंडा के खदानों में खुदाई के दौरान हुई थी। सबसे पहले इसे किसने देखा और यह कब बाहर आया इसका आज तक कोई प्रमाण नहीं है। इस हीरे से जुड़ी एक दिलचस्प बात जानकर आपको हैरानी होगी कि इस हीरे को न तो कभी बेचा नहीं गया। कोहिनूर हीरे को आज तक केवल जीता गया है, छीना गया है या फिर उपहार के तौर पर दिया गया है। 800 वर्षों से यह हीरा एक राजा से दूसरे राजा के पास घूमता रहा है।



### इस तरह ले गए

लॉर्ड डलहौजी को इसकी जानकारी मिलने पर वो खुद कोहिनूर लेने लाहौर आए थे। भारत पहुंचने के बाद उन्होंने तय किया कि पानी के रास्ते से 'मेडिया' जहाज से कोहिनूर को महारानी विक्टोरिया को भेजा जाएगा। हालांकि, इंग्लैंड तक के सफर में जहाज को बीमारी और तूफान का सामना करना पड़ा। जहाज पर हैजा फैल गया। हालात कुछ ऐसे बने कि जहाज का दल बीच में मॉरिशस रुककर दवाई और खाना भी नहीं ले पाया। दिक्कतें यहां खत्म नहीं हुईं। रास्ते में उन्हें एक बहुत बड़े समुद्री तूफान का भी सामना करना पड़ा जिसने करीब-करीब जहाज को दो हिस्सों में तोड़ दिया था।

### ब्रिटेन में लगी प्रदर्शनी

*मुसीबतें झेलते हुए, कोहिनूर भारत से इंग्लैंड पहुंच गया। बताया जाता है कि कोहिनूर को ब्रिटेन ले जाए जाने के तीन साल बाद इसकी वहां प्रदर्शनी की गई। लोगों का बड़ा जमावड़ा प्रदर्शनी देखने आता था। यह हीरा एक तरह से पूरब में ब्रिटिश शासन की ताकत का प्रतीक बन गया था।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
लोकतंत्र के मंदिर संसद परिसर में भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति महोदय श्री जगदीप धनखड़ जी का INDI गठबंधन द्वारा किया अपमान अत्यंत निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है। तथाकथित मोहब्बत की दुकान वालों का असली चेहरा।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
देश के उपराष्ट्रपति जैसे उच्चतर पद पर आसीन माननीय श्री जगदीप धनखड़ जी का उपहास उड़ाकर उनका अपमान करना और राहुल गांधी जैसे लोगों द्वारा इस कृत्य का समर्थन करना, वीडियो बनाना अत्यंत ही शर्मनाक है, घोर निंदनीय है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
ध्यान एक सरल प्रक्रिया है, लेकिन इसमें बेलगाम भागीदारी या पूर्ण परित्याग की आवश्यकता होती है। इनके बिना ध्यान नाम की कोई चीज़ नहीं है।

**लोकसभा चुनाव के लिए** सरकार के कामकाज पर रिपोर्ट कार्ड तैयार करने में जुटी भाजपा


# नमो एप ने शुरू किया सर्वेक्षण, सांसदों के बारे में टटोलेंगे लोगों का मूड

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन की चुनावी रणनीति पर मंथन के बीच भारतीय जनता पार्टी ने भी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए अपनी चुनावी बिसात बिछा रही है और पार्टी ने इस दिशा में पार्टी ने कदम आगे बढ़ा दिया है।

भाजपा अब एक एक कदम पूरी तरह जांच-परखकर उठाएगी। पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नमो' एप ने मंगलवार को एक सर्वेक्षण शुरू किया जिसके जरिए उनकी सरकार और भाजपा के सांसदों के प्रदर्शन के बारे में लोगों के विचार समेत विभिन्न मुद्दों पर लोगों के मूड का पता लगाया जाएगा। सूत्रों के अनुसर नमो एप पर शुरू किए गए जनमन सर्वे के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद जनता का मन टटोलने जा रहे हैं।

इसके स्पष्ट संकेत हैं कि आमजन के मन में खरे उतरने वाले ही इस बार लोकसभा का टिकट पाएंगे। सूत्रों के अनुसार सर्वे में पूछे गए प्रश्नों के आधार




पर केंद्र सरकार और प्रत्येक सांसद का रिपोर्ट कार्ड भी बनाया जाना है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नमो एप पर शुरू हुए सर्वे को एक्स पर पोस्ट करते हुए जनता से आग्रह किया कि वे सरकारी योजनाओं और अपने क्षेत्र में हो रहे विकास आदि पर अपने विचार रखें।

### क्या है सर्वेक्षण का मकसद

'जन मन सर्वेक्षण' शासन और नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर लोगों की प्रतिक्रिया मांगता है और इसके सवालों में केंद्रीय स्तर के विकास और उपयोगकर्ता के निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विशिष्टताएं शामिल हैं। भाजपा सूत्रों ने कहा कि यह एक अभिनव सर्वेक्षण है, जिसका उद्देश्य 'जन मन' (आम आदमी के दिमाग) तक पहुंचना है ताकि 'दिलचस्प और गेमिटेड' इंटरफेस के माध्यम से यह पता चल सके कि नागरिकों के दिमाग में क्या है। उन्होंने कहा कि मोदी ने हमेशा लोगों तक पहुंचने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का समर्थन किया है।

### ऑनलाइन सर्वे में कुल 14 प्रश्न पूछे गए

इस ऑनलाइन सर्वे में कुल 14 प्रश्न पूछे गए हैं। इसमें सबसे पहला प्रश्न सरकार को लेकर ही है कि मोदी सरकार के समग्र प्रदर्शन से आप कितने संतुष्ट हैं? जनता का मन इस पर टटोला जा रहा है कि पिछली सरकारों के समय की तुलना में अब उसकी आशाएं कितनी मजबूत हुई हैं।

### लोकप्रिय नेताओं की हो सकेगी पहचान

सूत्रों ने कहा कि सर्वेक्षण नागरिकों को अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य लोकप्रिय नेताओं की पहचान करने में सक्षम बनाता है क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी को लगता है कि यह भागीदारी प्रक्रिया व्यक्तियों को अपनी राय व्यक्त करने के लिए सशक्त बनाएगी, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक नागरिक के दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित करती है। भाजपा नेता ने कहा, सर्वेक्षण की प्रमुख विशेषताओं में से एक इसका उपयोगकर्ता के अनुकूल होना और प्रश्नों का संक्षिप्त होना है।

## संजय राउत के खिलाफ राजद्रोह का आरोप हटाया



**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक लेख लिखने को लेकर पार्टी के नेता संजय राउत के खिलाफ दर्ज मामले से राजद्रोह का आरोप हटा लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संजय राउत 'सामना' के कार्यकारी संपादक हैं। अधिकारी ने कहा कि पुलिस द्वारा कानूनी राय लेने और परामर्श करने के बाद राउत के खिलाफ राजद्रोह का आरोप हटा दिया गया। यवतमाल जिले की पुलिस ने 11 दिसंबर को राउत को 'सामना' में अपने साप्ताहिक कॉलम 'रोखठोक' में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर मामला दर्ज किया था।

## छत्तीसगढ़: रमन सिंह बने विस के निर्विरोध अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को मंगलवार को सर्वसम्मति से राज्य की विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही नवनिर्वाचित सदन का पहला सत्र शुरू हुआ। सबसे पहले अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) रामविचार नेताम ने भाजपा और कांग्रेस के विधायकों तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एक विधायक को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और भूपेश बघेल उन विधायकों में शामिल रहे, जिन्हें प्रोटेम स्पीकर ने शपथ दिलाई। विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा के अध्यक्ष का चुनाव हुआ।

**'इंडिया' की बैठक:** ममता ने की खरगे को पीएम फेस बनाने की पैरवी

# PM पर फैसला चुनाव बाद, सीटों का बंटवारा जनवरी के मध्य तक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने मंगलवार को यह फैसला किया कि अगले लोकसभा चुनाव के लिए जनवरी, 2024 के दूसरे सप्ताह तक सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया जाएगा तथा चुनाव में जीत के बाद यह फैसला होगा कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का संयोजक बनाने और प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की पैरवी की, जिसका दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समर्थन किया।

हालांकि, खरगे ने इस प्रस्ताव को तत्काल ठुकरा दिया और कहा कि इस पर फैसला चुनाव में जीत के बाद ही होगा।

### सांसदों के निलंबन के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन 22 दिसंबर को




### ये नेता मौजूद थे बैठक में

राष्ट्रीय राजधानी के अशोक होटल में हुई इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी नेता राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जनता दल (यू) से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, तृणमूल कांग्रेस से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल से पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार तथा शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे बैठक में शामिल थे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी महासचिव रामगोपाल यादव, द्रमुक से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और वरिष्ठ नेता टी आर बालू, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (के) से कृष्णा पटेल एवं पल्लवी पटेल और कई अन्य नेताओं ने बैठक में भाग लिया।

### यह फैसले हुए बैठक में

- सभी विपक्षी दलों के मिलकर 8 से 10 सभाएं करने का फैसला।
- पहले प्रदेश स्तर पर होगा सीटों पर तालमेल। कोई मुद्दा आया तो राष्ट्रीयस्तर पर बात होगी

### जहां जो पार्टी मजबूत, वही सीटों के बंटवारे पर करेगी अगुवाई

बैठक में शामिल कुल 28 दलों के नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि लोकसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे पर बातचीत राज्यों के स्तर पर होगी तथा जिस राज्य में जो पार्टी मजबूत होगी, वही सीटों के तालमेल के मामले में अगुवाई करेगी। सूत्रों का कहना है कि गठबंधन के घटक दलों ने तय किया कि जनवरी के दूसरे सप्ताह तक सीटों के तालमेल को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस ने 31 दिसंबर तक सीटों के तालमेल का काम पूरा करने की पैरवी की, हालांकि कई नेताओं ने कहा कि यह व्यावहारिक नहीं है तथा ऐसे में जनवरी के दूसरे सप्ताह तक सीटों के तालमेल को अंतिम रूप देने पर सहमति बनी।

## हमें पहले जीत के आना है: खरगे




बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, 'इंडिया' गठबंधन की चौथी बैठक में 28 दलों के नेता शामिल हुए और उन्होंने अपने विचार रखे। सभी ने एकजुट होकर गठबंधन को मजबूत करने और लोगों के हित से जुड़े मुद्दों को उठाने पर बात की। आने वाले समय में सभी ने मिलकर 8 से 10 सभाएं करने का फैसला भी किया है, ताकि लोगों तक अपनी बात पहुंचाई जा सके। खरगे ने कहा कि पहले प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल पर बात होगी और अगर कोई मुद्दा आया, तो राष्ट्रीय स्तर पर बात होगी। प्रधानमंत्री पद के चेहरे से जुड़े सवाल पर खरगे ने कहा कि पहमें पहले जीत के आना है। जीत के लिए क्या करना है, उसके बारे में हम सोचें। कौन प्रधानमंत्री बनेगा, यह बाद की बात। अगर सांसद नहीं होंगे, तो प्रधानमंत्री की बात करके क्या फायदा है? हम मिलकर जीतने और बहुमत हासिल करने की कोशिश करेंगे।

### हाल की जीत से पीएम मोदी को हो गया है घमंड

उन्होंने आरोप लगाया कि हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बात का 'घमंड' हो गया है कि अब उनके सिवाय कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा से सदस्यों के निलंबन के खिलाफ 22 दिसंबर को अखिल भारतीय स्तर पर प्रदर्शन होगा।

### राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर रही है भाजपा



माकपा महासचिव सीताराम येचुरी समेत कई नेताओं ने राम मंदिर के विषय का उल्लेख किया और कहा कि भाजपा राम के नाम पर राजनीति कर रही है तथा ऐसे में इस बारे में जनता से संवाद करना होगा।

### उत्तर प्रदेश में भाजपा को सभी 80 सीटों पर हराएंगे : अखिलेश यादव



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सभी दल बहुत जल्दी टिकट बांटकर मैदान में जाने के लिए तैयार हैं, बहुत जल्दी सीटें बांटी जाएंगी और हम सब लोग जनता के बीच में दिखाई देंगे। हम भाजपा को हराएंगे। उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराएंगे और वह देश की सत्ता से हट जाएगी।

**शिवराज की जेपी नड्डा से मुलाकात**

## दक्षिण भारत के लिए मिल सकती है कोई महत्वपूर्ण भूमिका

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की और कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनकी जो भी भूमिका तय करेगा, वह उसका निर्वहन करेंगे।

मध्य प्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद मंगलवार को पहली बार दिल्ली पहुंचे चौहान ने नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक यह मुलाकात एक घंटे से भी अधिक समय तक चली। बाद में पत्रकारों से चौहान ने बातचीत के इस क्रम में यह संकेत दिया कि पार्टी उन्हें दक्षिण के राज्यों में कोई बड़ी भूमिका दे सकती है। उन्होंने कहा, विकसित भारत यात्रा में कुछ जगह मुझे जाने को कहा जाएगा तो मैं दक्षिण के राज्यों में जाऊंगा।



### मैं अपनी भूमिका के बारे में नहीं सोचता

चौहान ने यह पूछे जाने पर कि वह केंद्र की राजनीति में सक्रिय रहेंगे या फिर राज्य की राजनीति में, इस पर उन्होंने कहा, जो पार्टी तय करेगी। हम राज्य में भी रहेंगे, केंद्र में भी रहेंगे। चौहान ने कहा कि वह अपनी भूमिका के बारे में नहीं सोचते हैं। शिवराज ने कहा, मैं मेरे बारे में सोचता ही नहीं। जो अपने बारे में सोचता है वह अच्छा इंसान नहीं होता है। अगर आप एक बड़े मिशन के लिए काम करते हो तो पार्टी तय करती है कि आप कहां काम करोगे। यह पूछे जाने पर कि मध्य प्रदेश की बहनें उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाह रही हैं, चौहान ने कहा, बहन और भाई का प्यार अमर है।

**गुजरात में कांग्रेस को झटका**

## विधायक चिराग पटेल ने विस से इस्तीफा दिया

**एजेंसी** | अहमदाबाद

आसन्न लोकसभा चुनाव के बीच गुजरात में कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। पार्टी के विधायक चिराग पटेल ने नेतृत्व के कामकाज की शैली से निराशा जताते हुए मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पार्टी की प्रदेश इकाई में गुटबाजी का आरोप लगाते हुए पटेल ने कहा कि पार्टी को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सीधे दिल्ली से ऐसे चलाया जा रहा है जैसे कि वे एयर कंडीशंड बंगलों में बैठकर कोई रियासत चला रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस में कई अन्य विधायक भी नाखुश हैं। गुजरात विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय ने एक बयान में बताया कि आणंद जिले में खंभात सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले पहली बार के विधायक पटेल ने मंगलवार



सुबह गांधीनगर में विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी को अपना इस्तीफा सौंपा। चौधरी ने बाद में पत्रकारों को बताया कि उन्होंने पटेल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही 182 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या कम होकर 16 रह गयी है। पटेल ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में खंभात में भाजपा के विधायक महेश रावल को करीब 3,700 मतों के अंतर से हराया था। भाजपा ने 156 सीटें जीतने के साथ राज्य में सत्ता बरकरार रखी थी।

**भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले पीएम मोदी**

# यही आचरण रहा तो 2024 में विपक्षी दलों का संख्या बल और कम होगा

- विपक्ष पर बरसे पीएम, संसद की सुरक्षा में चूक को अप्रत्यक्ष समर्थन देने का आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर संसद में सुरक्षा चूक की घटना को 'मौन और अप्रत्यक्ष' समर्थन देने का आरोप लगाया और कहा कि यदि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में वे और भी कम सीटों के साथ विपक्ष में ही बैठे रह जाएंगे।

इस साल भाजपा संसदीय दल की आखिरी बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रचार अभियान का विषय तय किया और साथ ही 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' यानी 'इंडिया' गठबंधन पर उनकी बैठक के मद्देनजर निशाना भी साधा। संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा कि वे हालिया विधानसभा चुनावों में हार से हताश होकर इस घटना को राजनीतिक तूल दे रहे हैं। उनका लक्ष्य उनकी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन सरकार



का लक्ष्य भारत का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, कुछ लोग भाजपा को सत्ता से हटाने के इरादे से एकजुट हो रहे हैं जबकि भारत की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। वे सरकार को हटाने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं जबकि हम भारत की भलाई के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं।

मोदी ने सभागार में कुछ खाली पंक्तियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि इन्हें 2024 के चुनावों के बाद भरा जाएगा। पीएम मोदी ने 13 दिसंबर को दो लोगों के दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूदने और कैन से धुआं फैलाने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला कोई भी व्यक्ति इस तरह के कृत्य को स्वीकार नहीं करेगा।

इस कृत्य की एकजुट होकर निंदा की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, मैं जो देख रहा हूं वह यह है कि विपक्ष चुनावों में हारने की अपनी हताशा को बाहर निकाल रहा है और पूरी घटना को राजनीतिक रंग दे रहा है।

### पीएम मोदी की सीख: भाषा पर नियंत्रण रखें, संसद की कार्यवाही में भाग लें

मोदी ने भाजपा सांसदों से संयम बरतने और लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा, हमें अपनी भाषा को नियंत्रण में रखते हुए और लोकतंत्र की सीमाओं के भीतर रहते हुए विपक्ष को बेनकाब करना चाहिए। आने वाले दिनों में, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अन्य लोग भाग ले रहे हैं या नहीं, हमें संसद की कार्यवाही में भाग लेना चाहिए। पार्टी नेताओं के अनुसार, विपक्षी दलों की तीखी आलोचना करते हुए मोदी ने कहा कि अच्छा होता अगर विपक्ष इन चर्चाओं में भाग लेता लेकिन अच्छे काम शायद उनके भाग्य में नहीं हैं।

### युवा मतदाताओं को बताएं दस साल पहले की स्थिति

प्रधानमंत्री ने भाजपा सदस्यों से पहली बार मतदान करने जा रहे मतदाताओं को 10 साल पहले देश की स्थिति के बारे में बताने का आह्वान करते हुए कहा कि करीब 18 साल की उम्र के लोगों ने केवल उनकी सरकार के विकास कार्यों और वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते कद को देखा है। हो सकता है कि उन्हें एक दशक पहले के भ्रष्टाचार और कुशासन के बारे में पता न हो। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर इस तर्ज पर एक अभियान चलाया जा सकता है।

## जरूरी खबर

### मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में धारा 144 लागू

चुराचांदपुर (मणिपुर)। (भाषा) मणिपुर सरकार ने नए सिरे से हिंसा के बाद चुराचांदपुर जिले में दो महीने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू किया है। चुराचांदपुर जिले में सोमवार को खासतौर पर थिंगकांगफई गांव में कई स्थानों पर हिंसा की छिटपुट घटनाएं दर्ज की गईं। जिला मजिस्ट्रेट ने एक आदेश में कहा, ''लोगों के दो समूहों के बीच टकराव के कारण शांति भंग होने की आशंका अब भी है और स्थिति अभी तनावपूर्ण है। निषेधाज्ञा आदेश सोमवार को लागू किया गया और यह 18 फरवरी 2024 तक लागू रहेगा।

### मोइत्रा की याचिका पर चार जनवरी को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह सरकारी आवास का आवंटन रद्द किए जाने को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर चार जनवरी को सुनवाई करेगा। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया है। अपने निष्कासन को उन्होंने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। अदालत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ मोइत्रा की याचिका पर तीन जनवरी को सुनवाई करेगा।

### संसद ने 58,378 करोड़ के अतिरिक्त व्यय को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** संसद ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष में 58,378 करोड़ रुपए के शुद्ध अतिरिक्त व्यय को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसका एक बड़ा हिस्सा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून और उर्वरकों के लिए सब्सिडी पर खर्च किया जाएगा। सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के प्रथम बैच में 1.29 लाख करोड़ रुपए से अधिक के सकल अतिरिक्त व्यय की मंजूरी मांगी है, जिसमें से 70,968 करोड़ रुपए को बचत और प्राप्तियों से समायोजित किया जाएगा। राज्यसभा ने मंगलवार को हंगामे के बीच संक्षिप्त चर्चा के बाद अनुदानों की अनुपूरक मांगों से जुड़े विनियोग विधेयक और विनियोग विधेयक को लौटा दिया।

## तमिलनाडु में बाढ़: राहत व बचाव अभियान तेज










*मदुरै। दक्षिणी तमिलनाडु के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र श्रीवैकुंटम रेलवे स्टेशन पर फंसे रेल यात्रियों को बचाने के लिए रक्षा कर्मियों ने हेलिकॉप्टर की मदद से बचाव प्रयास शुरू कर दिए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, वायुसेना, रेलवे और स्थानीय प्रशासन बचाव कार्य के लिए समन्वित प्रयास कर रहे हैं। वहां करीब 800 यात्री बाढ़ की वजह से फंसे हुए हैं। फोटों में बाढ़ प्रभावित विभिन्न इलाकों में जारी बचाव कार्य।*

### सालभर की बारिश एक ही दिन में हो गई, अधिक केंद्रीय मदद की जरूरत : स्टालिन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि राज्य के दक्षिणी जिलों में सालभर में जितनी बारिश होती है, उतनी एक ही दिन में हो गई, जिससे बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई। हमने चेन्नई और उपनगरों के लिए अंतरिम राहत के रूप में 7,033 करोड़ रुपए और स्थायी राहत के रूप में 12,059 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि का अनुरोध किया है।

**ज्ञानवापी: वाद की पोषणीयता व सर्वेक्षण को चुनौती देने का मामला**

# सभी 5 याचिकाएं खारिज, छह माह में फैसला करने का निर्देश

एजेंसी | प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने, ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के स्वामित्व को लेकर वाराणसी की एक अदालत में लंबित मूल वाद की पोषणीयता और ज्ञानवापी परिसर का समग्र सर्वेक्षण कराने के निर्देश को चुनौती देने वाली सभी पांच याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।

न्यायाधीश रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनवाई के दौरान कहा कि वर्ष 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल वाद पोषणीय (सुनवाई योग्य) है और यह पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत निषिद्ध नहीं है। अदालत ने निचली अदालत को अपने समक्ष लंबित इस वाद पर तेजी से सुनवाई कर छह महीने के भीतर निर्णय करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, किसी भी पक्ष के अनुरोध पर सुनवाई को अनावश्यक टाला नहीं जाना चाहिए।

अगर कोई अंतरिम आदेश है, तो उसे हटाया जाता है। जरूरत पड़ने पर निचली अदालत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को आगे सर्वेक्षण का निर्देश दे सकती है। ये याचिकाएं ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा दायर की गई थीं।





**यह कहा हाई कोर्ट ने**

- मूल वाद सुनवाई योग्य, पूजा स्थल अिधनियम के तहत निषिद्ध नहीं
- तेजी से की जाए सुनवाई
- सुनवाई को अनावश्यक टाला नहीं जाना चाहिए। कोई अंतरिम आदेश है तो उसे हटाया जाता है।
- जरूरत पड़ने पर निचली अदालत एएसआई को आगे सर्वेक्षण का निर्देश दे सकती है।

## आखिरी सांस तक कानूनी लड़ाई लड़ेंगे: अंजुमन कमेटी

एजेंसी | लखनऊ/प्रयागराज

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने उच्चतम न्यायालय का रुख करने का संकेत देते हुए मंगलवार को कहा कि वह कोई भी चीज तश्तरी में सजाकर नहीं देगी और आखिरी सांस तक कानूनी लड़ाई लड़ेगी। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद के संयुक्त सचिव सैयद मुहम्मद यासीन ने मंगलवार को 'पीटीआई—भाषा' से फोन पर बातचीत में कहा, हमारे पास आदेश आ गया है, लेकिन अभी हम उसका अध्ययन करेंगे और कमेटी की बैठक में तय करेंगे कि आगे हमें क्या करना है। हम बुधवार शाम तक किसी निर्णय पर पहुंच जाएंगे। हम यह मानकर चल रहे हैं कि यह फैसला हुआ है, इंसाफ नहीं हुआ है।

**धार्मिक चरित्र परिभाषित नहीं करता**

अदालत ने अपने 63 पन्नों के आदेश में कहा, धार्मिक पूजा स्थल अधिनियम, 1991 धार्मिक चरित्र को परिभाषित नहीं करता और इस अधिनियम के तहत केवल परिवर्तन और पूजास्थल को परिभाषित किया गया है। विवादित स्थल का धार्मिक चरित्र क्या होगा, यह निष्कर्ष सक्षम अदालत द्वारा साक्ष्यों के आधार पर निकाला जा सकता है। अदालत ने कहा, यह अधिनियम पूजा स्थल का परिवर्तन रोकता है, लेकिन यह 15 अगस्त 1947 को मौजूद पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र के निर्धारण के लिए किसी प्रक्रिया को परिभाषित नहीं करता है।

## सुरक्षा में चूक: छह व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए आरोपी करते थे चर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में सेंधमारी मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के नाम पर बने छह व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा थे। जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आरोपी और इन व्हाट्सएप ग्रुप के अन्य सदस्य नियमित रूप से स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों पर चर्चा करते थे और संबंधित वीडियो क्लिप भी साझा करते थे। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी सुरक्षा में सेंध की योजना बनाने के लिए 'सिग्नल' एप पर भी बात करते थे और पिछले साल कर्नाटक के मैसूर में मिले थे। मैसूर के रहने वाले मनोरंजन ने पांचों का यात्रा खर्च वहन किया था। पुलिस उन चार आरोपियों के फर्जी सिम कार्ड प्राप्त करने की कोशिश कर रही है जिनके मोबाइल फोन राजस्थान में झा और कुमावत द्वारा कथित तौर पर नष्ट कर दिए गए थे।लोकसभा में 13 दिसंबर को दो व्यक्ति सागर शर्मा और मनोरंजन डी.शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से सदन कक्ष में कूद गए थे।

## संघ पदाधिकारी ने उठाया जातीय गणना पर सवाल

एजेंसी | नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी श्रीधर गाडगे ने मंगलवार को कहा कि कोई जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए और उन्होंने साथ ही सवाल किया कि इससे क्या हासिल होगा। विदर्भ सह-संघचालक गाडगे ने संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह डेटा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अच्छा नहीं है। एक समाचार चैनल से बातचीत में गाडगे ने कहा, हमारा स्पष्ट रुख है कि कोई असमानता, शत्रुता या झगड़ा नहीं होना चाहिए।

**मोदी की फोन पर नेतान्याहू से बात**

## इजराइल-हमास संघर्ष के बातचीत से हल की जरूरत दोहराई

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इस दौरान मानवीय सहायता और बातचीत व कूटनीति के जरिए इजराइल-हमास संघर्ष के समाधान की जरूरत दोहराई। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री से टेलीफोन पर बात की और उन्हें इजरायल-हमास संघर्ष में हाल के घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी।

बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री ने प्रभावित आबादी के लिए मानवीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता को दोहराया और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से सभी बंधकों की रिहाई सहित संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। बाद में मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ इजरायल-हमास संघर्ष पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ, जिसमें समुद्री यातायात की सुरक्षा पर साझा चिंताएं भी शामिल थीं। क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के पक्ष में भारत के निरंतर रुख पर प्रकाश डाला। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए भीषण हमले के बाद से इजराइल ने जवाबी हमले शुरू किए, जिसमें अब तक करीब 20,000 फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

### अग्निवीर बनने की दौड़ में बेटियां




**जालंधर।** सशस्त्र सैन्य बलों में अग्नवीर योजना के तहत भर्ती होने के लिए मंगलवार को जालंधर में आयोजित फिजिकल परीक्षा में शामिल महिला प्रतियोगी दौड़ लगाते हुए।

**प्रदूषण से निपटने की कवायद**

# कृत्रिम बारिश महंगा उपाय, राहत स्थाई नहीं: विशेषज्ञ

**■ 100 वर्ग किमी में आता है एक करोड़ रुपए का खर्च**

एजेंसी | नई दिल्ली



क्या कृत्रिम बारिश हवा से प्रदूषकों का बिखराव कर सकती है? उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में आसमान साफ हो गया है और प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' से सुधर कर 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गया है, लेकिन सवाल यह है कि 'क्लाउड सीडिंग' समस्या का दीर्घकालिक समाधान है या नहीं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक आकर्षक संभावना है और इससे ज्यादा कुछ नहीं। उन्होंने बुनियादी समस्या से निपटाने की जरूरत पर जोर दिया। कृत्रिम बारिश काफी खर्चीली है और इससे लगभग 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बारिश कराने के लिए एक करोड़ रुपए का खर्च आने का अनुमान है। इससे मिलने वाली राहत भी स्थायी नहीं होती है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर में विश्लेषक सुनील दहिया ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''त्रिम बारिश से मिलने वाली राहत अल्पकालिक है... और कुछ समय बाद प्रदूषक हवा में वापस आ जाते हैं, लिहाजा अधिक टिकाऊ समाधानों की जरूरत है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र या उत्तर भारत जैसे बड़े भौगोलिक क्षेत्र में कई दिनों तक कृत्रिम बारिश नहीं कराई जा सकती है।

आईआईटी कानपुर में टिकाऊ ऊर्जा इंजीनियरिंग में विशेषज्ञ सच्चिदानंद त्रिपाठी ने बताया, आईआईटी कानपुर के पास 'क्लाउड सीडिंग' उपकरण से लैस एक विमान है। विमान करीब चार घंटे तक 10,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है।

**दिल्ली में हालात हैं बदतर**

दिल्ली-एनसीआर में नवंबर और दिसंबर के शुरुआती दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार दर्ज किया जा रहा था जो स्वीकार्य सीमा से 10 गुणा ज्यादा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वायु गुणवत्ता सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, 18 दिसंबर को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में थी और एक्यूआई 330 था।

**कैसे होती है कृत्रिम बारिश**

'क्लाउड सीडिंग' में विमान का उपयोग करके बादलों पर सिल्वर आयोडाइड या क्लोराइड जैसे लवण के कण का छिड़काव किया जाता है। ये लवण के कण नाभिक के रूप में काम करते हैं, जो बादलों के भीतर बर्फ के क्रिस्टल के निर्माण को बढ़ावा देते हैं। इसके बाद, बादलों में मौजूद नमी इन क्रिस्टल से चिपक जाती है, जिससे वर्षा होती है।

**राम मंदिर: प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम**

## न आने की संभावना के बीच आडवाणी-जोशी को न्योता

एजेंसी | नई दिल्ली

विश्व हिंदू परिषद के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

कुमार ने एक बयान में कहा कि आडवाणी और जोशी दोनों ने कहा है कि वे 22 जनवरी को होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इससे एक दिन पहले, राम मंदिर ट्रस्ट ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के अगुवा रहे आडवाणी और जोशी के अपने स्वास्थ्य और उम्र संबंधी कारणों के चलते अगले महीने होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की संभावना नहीं है।

अयोध्या में संवाददाता सम्मेलन के दौरान आमंत्रित लोगों की विस्तृत सूची पेश करते हुए, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि आडवाणी और जोशी के स्वास्थ्य और उम्र संबंधी कारणों से प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की संभावना नहीं है। ज्ञात रहे कि आडवाणी 96 साल के हैं, जबकि जोशी अगले महीने 90 साल के हो जाएंगे।

## 28 से 31 तक मनाया जाएगा राजस्थान सिनेमा महोत्सव, लॉन्च होगा OTT ऐप

# अब राजस्थानी सिनेमा 'टॉकीज 24' पर




**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थानी सिनेमा अब ओटीटी पर सफलता पाने की कोशिश करेगा। इसके लिए प्रदेश के राजस्थानी सिनेमा निर्माता-निर्देशक टॉकीज-24 ऐप लेकर आए हैं, जिसमें राजस्थानी फिल्मों को दिखाया जाएगा। साथ ही एक बार फिर 'राजस्थान सिने महोत्सव' से स्थानीय सिनेमा को बढ़ाने के पुरजोर प्रयास किए जाएंगे।

इसके लिए निर्माता, निर्देशक, कलाकार आदि एक मंच पर आए और महोत्सव की घोषणा करते हुए टॉकीज-24 लाने की बात की। एन. के. मित्तल एंड एल. एस. फिल्म्स की ओर से 28 से 31 दिसंबर खासा कोठी स्थित होटल माया इंटरनेशनल में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### ये आए एक मंच पर

महोत्सव के लिए मंगलवार को फिल्म निर्माता नंद किशोर मित्तल, लेखक और डायरेक्टर लखविंदर सिंह, फिल्म निर्माता त्रिलोक नवलखा व गोपाल शर्मा, साहित्यकार इकराम राजस्थानी, पं. जयदेव शास्त्री, उषा जैन, राखी गुप्ता, माही कटारिया, पवन भगत एक मंच पर आए। सभी ने एक स्वर में राजस्थानी सिनेमा को बढ़ाने की बात की और कहा कि राजस्थानी लोक कलाओं समेत कई एंटरटेनिंग परफॉर्मेंस, फिल्म स्क्रीनिंग, फैशन शो, अवॉर्ड, म्यूजिक कॉन्सर्ट, किड्स प्ले जोन महोत्सव के आकर्षण रहेंगे।

### राजस्थानी फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

राजस्थानी सिने महोत्सव में रोजाना सुबह 11 से शाम 5 बजे तक राजस्थानी फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। सिनेमा हॉल में राजस्थान की कहानियों पर बनी फिल्में सिने प्रेमी देख पाएंगे। स्क्रीनिंग के लिए फिल्मों की एंट्री ओपन रखी गई है। दूसरी ओर महोत्सव में फैशन का जलवा देखने को मिलेगा, जिसमें मिस्टर एंड मिस राजस्थान सिने आइकॉन फैशन शो कॉम्पिटिशन होगा। विनर्स को मिस्टर एंड मिस राजस्थान सिने आइकॉन खिताब से नवाजा जाएगा।

### 'पधारो म्हारे सिनेमा' होगी टैगलाइन

28 दिसंबर को राजस्थान के अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म 'टॉकीज 24' ऐप की लॉन्चिंग की जाएगी। ऐप पर राजस्थानी मूवीज, फीचर फिल्म और वेब शोज की स्ट्रीमिंग होगी। 10 वर्षों से राजस्थानी सिनेमा के लिए काम कर रहे प्रोड्यूसर नंद किशोर मित्तल ने कहा कि पधारो म्हारे सिनेमा टैगलाइन के साथ टॉकीज-24 राजस्थानी सिनेमा की ओर बढ़ने का आह्वान है। राजस्थानी सिनेमा से केवल मनोरंजन ही नहीं, संस्कृति और परम्पराओं को भी विश्वपटल पर पहचान मिलेगी। साथ ही स्थानीय कलाकारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं लेखक- डायरेक्टर लखविंदर सिंह ने कहा कि हमारे लोग, हमारी बोली में, हमारा सिनेमा देख सकें, इसके लिए ऐप एक प्लेटफॉर्म है। एन. के. मित्तल एंड एल.एस. फिल्म्स 25 से अधिक राजस्थानी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं, इनसे 300 से अधिक स्थानीय कलाकारों को राजस्थानी सिने जगत में काम करने का अवसर मिलेगा।

### जूरी करेगी फिल्मों को चयन

राजस्थानी सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों को महोत्सव में सम्मानित किया जाएगा। राजस्थानी शॉर्ट मूवी, फीचर फिल्म व मोबाइल फिल्म की एंट्री ली गई है। 21 कैटेगरी में एन. के. एम. राजस्थान सिने अवॉर्ड दिए जाएंगे। महोत्सव में राजस्थान सिने एक्ट और सिंगिंग शो भी होगा। एक्ट शो में थिएटर व राजस्थानी सिनेमा के कलाकारों की ओर से एक्टिंग परफॉर्मेंस दी जाएगी। वहीं सिंगिंग शो में सुरीले नगमे सुनने को मिलेंगे।

## बॉलीवुड में एक बार फिर से प्रदेश के यंग टैलेंट का डंका



**बेधड़क. जयपुर।** बॉलीवुड में एक बार फिर जयपुर और प्रदेश के यंग टैलेंट का डंका है। इस बार हाल ही के दिनों आई बॉलीवुड एक्टर मनोज वाजपेयी अभिनीत मूवी जोरम में यंग ब्लड पंकज बत्रा बतौर को-प्रोड्यूसर एंड एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में शामिल रहे। देवाशीष माखीजा के डायरेक्शन में बनी मूवी को हर उम्र के लोगों ने पसंद भी किया। मुंबई से पंकज ने बताया कि शूटिंग के दौरान मनोज सर ने बहुत एंटरटेन किया और शिफ्ट खत्म होने के बाद उनके साथ बिताया समय हमेशा याद रहेगा।

## कबीर के दोहों और भजनों पर भावविभोर हुए भक्त



**बेधड़क. जयपुर।** मोती डूंगरी गणेश मंदिर स्थित कबीर भवन में मंगलवार को कबीर विचार मंच की ओर से रघुनाथदासजी महाराज की 52वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान संत कबीर के दोहों और भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियों से श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस मौके पर शाम को महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी का आनंद लिया। महंत स्वामी परशुराम ने बताया कि कबीर भवन करीब 160 वर्ष पुराना है जो की जयपुर राजघराने की ओर से संत गोकुलदासजी महाराज को प्रदत किया गया था। तभी से ही यहा गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए निरंतर संत कबीर के संदेशों का गुणगान कर रहे हैं।

# City इवेंट्स

### जयपुर रेल मंडल को मिलेंगी 6 शील्ड

**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे पर विशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार समारोह शुक्रवार को रेलवे अधिकारी क्लब उत्सव भवन में मनाया जाएगा। समारोह में उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर महाप्रबंधक द्वारा चयनित मंडलों व यूनिटों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए कार्य कुशलता शील्ड दी जाएगी। इस वर्ष डीआरएम विकास पुरवार के नेतृत्व में जयपुर मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। ऐसे में 68वें विशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार समारोह में जयपुर मंडल को 6 कार्यकुशलता शील्ड दी जाएगी। इस वर्ष लेखा विभाग-लेखा समग्र दक्षता शील्ड, वाणिज्य विभाग-समग्र दक्षता शील्ड, इंजीनियरिंग-ट्रैक शील्ड, यांत्रिक विभाग-सर्वश्रेष्ठ रेक अनुरक्षण शील्ड, चिकित्सा विभाग-सर्वश्रेष्ठ अस्पताल रखरखाव शील्ड, संकेत व दूरसंचार विभाग-दूरसंचार शील्ड दी जाएगी

### 24 को मनाएंगे विश्व णमोकार दिवस

**बेधड़क, जयपुर।** सामुहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था जयपुर (फैडरेशन) के तत्वावधान में देश-विदेश में विश्व णमोकार दिवस का आयोजन रविवार से होगा। संस्था अध्यक्ष राकेश गोधा व महामंत्री धीरज पाटनी ने बताया कि णमोकार महामंत्र के सामूहिक जाप का जीवन में बहुत सकारात्मक असर रहता है। इसमें पंच परमेष्टी को नमन किया गया है। विश्व णमोकार दिवस से इसकी प्रभावना के लिए विश्वभर में लगभग 500 से ज्यादा मन्दिरों, स्थानों व निवास पर रात्रि 7:30 से 8:30 के बीच सामूहिक णमोकार की 1 माला और भजनों की प्रस्तुति दी जाती है। संस्था कोषाध्यक्ष संजय काला ने बताया कि सम्पूर्ण जैन समाज से 24 दिसंबर को अधिक से अधिक स्थानों, गांव, कस्बा, तहसील, शहर, जिला और महानगर में सामूहिक णमोकार जाप करने का आह्वान किया है।

### 350 से अधिक आर्ट वर्क शोकेस



**बेधड़क, जयपुर।** सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 3 दिवसीय 'आर्ट विथ ए हार्ट' कलात्मक प्रदर्शनी की शुरुआत जयपुर के होटल आईटीसी राजपूताना में हुई। उद्घाटन रेरा चेयरमैन वीनू गुप्ता ने किया। गुप्ता ने आर्टवर्क और विजन की सराहना की और कहा कि समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है कि पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लिया जाए। जयश्री पेड़ीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन वेलकम आर्ट गैलरी में 21 दिसंबर तक होगा। 350 से अधिक आर्ट वर्क को शोकेस किया जा रहा है। इसमें ऑयल और एक्रेलिक पेंटिंग, इंस्टॉलेशन और मूर्तियां के साथ-साथ प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण लाइव पोट्रेट और लाइव इलस्ट्रेशन रहा। प्रदर्शनी में कलात्मक प्रस्तुतियों के परिपेक्ष्य में संगीत, संस्कृति, उत्सव और जीवन के तत्व आदि विषय शामिल हैं।

## 22 व 24 को होगा मेगा ऑडिशन

# 'स्वर माधुरी' फिनाले में फिल्म फेयर विनर करेंगी मोटिवेट



**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता 'स्वर माधुरी-2024' का अंतिम मेगा ऑडिशन 22 व 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे से जयपुरिया स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

राजस्थान की स्वर कोकिला के नाम से फेमस गायिका सीमा मिश्रा द्वारा स्थापित सीमा मिश्रा राजस्थान लोक संगीत-कला अकादमी और प्रमुख राष्ट्रव्यापी साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार की ओर से यह आयोजन होगा। संपर्क क्रांति परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर प्रकाश छबलानी ने बताया कि प्रतिभागियों का चयन करने के लिए निर्णायक के रूप में राजस्थानी लोक गायिका सीमा मिश्रा टीम के साथ मौजूद रहेंगी। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल 27 दिसंबर को जेईसीआरसी कॉलेज ऑडिटोरियम में होगा और फिनाले 30 दिसंबर को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में 5 बार की फिल्म फेयर पुरस्कार विजेता जानी-मानी पार्श्व गायिका हेमलता मौजूद रहेंगी।

कार्यक्रम तीन वर्गों बाल वर्ग 5 से 15 वर्ष, तरुण वर्ग 16 से 25 वर्ष, युवा वर्ग 26 वर्ष की उम्र से अधिक में किया जा रहा है। इसके साथ ही शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत, तथा सुगम संगीत की अनरिकॉर्डेड व रिकॉर्डेड श्रेणियों में होने वाली प्रतियोगिता में असाध्य रोग से ग्रसित थैलेसीमिया, कैंसर, एड्स, दिव्यांग, विधवा महिलाओं व ट्रांसजेंडर (किन्नर) के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं है।

## सामाजिक गतिविधियों चर्चा

# तीर्थ क्षेत्रों की यात्रा पर गए दल ने लिया जैन संतों से आशीर्वाद



**बेधड़क | जयपुर**

दिगम्बर जैन मंदिरों के दर्शनार्थ जयपुर से गए यात्रा दल के सदस्यों ने आगरा, ज्ञान तीर्थ मुरैना, सिद्ध क्षेत्र श्रीसोनागिरीजी व ग्वालियर के दिगम्बर जैन मंदिरों की दर्शन यात्रा की। इस दौरान आचार्य ज्ञेय सागर महाराज, निर्यापक संत मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज, गणिनी आर्यिका लक्ष्मी भूषण माताजी व स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा दल में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, मोहनबाड़ी दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष राजेन्द्र बिलाला, समाज सेवी सुरेश जैन व सौरभ जैन सहित अन्य लोग शामिल हुए। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आगरा में मुनि पुंगव से सहकार मार्ग पर स्थायी कार्यालय खोलने की जानकारी देते हुए संस्था द्वारा की जा रही सामाजिक गतिविधियों चर्चा की। आचार्य ज्ञेय सागर महाराज से समाज के बालकों को संस्कार व जैन धर्म की जानकारी देने के लिए ज्ञान मंदिर खोलने पर बात की गई। गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ने जयपुर की हर कॉलोनी में शुभकामना परिवार चालू करने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर श्योपुर दिगम्बर जैन समाज पूर्व अध्यक्ष समाजश्रेष्ठी अशोक बाकलीवाल, सुरेन्द्र जैन हल्दैनिया, प्रेम लता बाकलीवाल, सुनिता जैन हल्दैनिया सहित मिनाक्षी सोगानी ने आशीर्वाद लिया। सोनागिर सिद्ध क्षेत्र कमेटी की ओर से सभी का तिलक व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया तो माताजी ने चातुर्मास में स्थापित मंगल कलश प्रदान किए।

**पुरस्कार समारोह** | डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के विजेताओं को किया पुरस्कृत

# खिलाड़ियों के हाथों में अवॉर्ड, चेहरों पर जीत की खुशी

**बेधड़क | जयपुर**

निविक हॉस्पिटल डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के पंचम संस्करण का अवॉर्ड समारोह आरएएस क्लब में आयोजित किया गया। सभी विजेताओं, उपविजेताओं तथा तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के खिलाड़ियों और टीमों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।




लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि अवॉर्ड समारोह में महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के प्रो. वीसी, डॉ. वीके कपूर, विधायक डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. प्रियंका चौधरी और डॉ. शिखा मील थे। सीनियर टीम इवेंट प्रतियोगिता में विजेता मेडिस्पा रॉयल्स तथा उपविजेता किड्स डेंटल रहे। वुमंस कैटेगरी में देशबंधु ईएनटी हॉस्पिटल विजेता तथा शुभम केअर हॉस्पिटल उपविजेता, बॉयज में विजेता केडिया हॉस्पिटल तथा उपविजेता आंच हॉस्पिटल, किड्स वर्ग में जैन चेस्ट केअर विजेता तथा जयपुर गैस्ट्रो उपविजेता, दबंग जोड़ी मुकाबलों में उत्कर्ष प्रधान-विदिशा प्रधान विजेता, हर्षल टांक-प्रीति टांक उपविजेता, मलंग जोड़ी में अजित जैन-अल्का जैन विजेता तथा राजेन्द्र-प्रियंका सैनी उपविजेता तथा दबंग ओपन में आदित्य सैनी-अपूर्व जेठवानी विजेता व मनीष थागरिया-अभिषेक गोयल उपविजेता रहे। मलंग ओपन मुकाबलों में अरुण परतानी-निशांत शर्मा विजेता तथा सुनीत सोनी-विष्णु गुप्ता उपविजेता रहे। लेजेंड्स में डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. डीके शर्मा विजेता तथा डॉ. नरेश सोमानी-डॉ. नीरज भूटानी उपविजेता रहे।

### एकल सहित अन्य कैटेगिरी में इनको अवॉर्ड

पुरुष एकल मुकाबलों में डॉ. मुकेश भामु विजेता तथा डॉ. आशीष जैन उपविजेता रहे। महिला एकल में डॉ. विदिशा प्रधान विजेता तथा अंकिता गुप्ता उपविजेता रहे। दबंग ट्रायोमें डॉ. हर्षल टांक-डॉ. आशीष जैन-डॉ. विशाल गुप्ता विजेता तथा डॉ. आदित्य सैनी-डॉ. अपूर्व जेठवानी डॉ. अभिषेक भार्गव उपविजेता रहे। मलंग ट्रायो में डॉ. सुनीत सोनी, डॉ. विष्णु गुप्ता, डॉ. डी के शर्मा विजेता तथा डॉ. नरेश सोमानी, डॉ. नीरज भूटानी, डॉ.मनीष जैन उपविजेता रहे। डीबीएल प्लेयर ऑफ दी टूर्नामिंट डॉ. सुनीत सोनी तथा डॉ. आशीष जैन रहे। डीबीएल इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दी टूर्नामिंट पुरुष वर्ग में डॉ. अभिषेक यादव रहे और महिला वर्ग में डॉ. विदिशा प्रधान एवं डॉ. अंकिता गुप्ता रहीं। पुरस्कार समारोह में डॉ. संदीप निझावन, डॉ. जयंत सेन, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. गिरीश चौहान, डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. हनुमान खोजा, डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ.सत्यपाल यादव, डॉ.दिलीप गुप्ता, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. सुनील अरोड़ा, डॉ. प्रीति टाक, डॉ.रश्मि कांकरिया, प्रेम चौधरी, मोनिका शर्मा सहित करीब 300 चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधांशु शर्मा ने किया।अवॉर्ड सेरमोनी के बाद म्यूजिकल कार्यक्रम रखा गया।

मनुष्य की वास्तविक पूंजी धन नहीं, विचार हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## गांसू और किनघई प्रांत में भूकंप ने मचाई भारी तबाही

# चीन में आधी रात दहली धरती



**एजेंसी** | बीजिंग/जिशिशान

चीन के गांसू और किनघई प्रांत में सोमवार आधी रात भूकंप के तेज झटकों ने भारी तबाही मचा दी है। भूकंप के चलते अब तक करीब 127 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 700 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। चीन के सरकारी मीडिया शिन्हुआ के अनुसार दोनों प्रांतों में इमरजेंसी मैनेजमेंट और फायर विभाग तैनात है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात 11 बजकर 59 मिनट पर गांसू और किनघई प्रांतों में हल्का भूकंप आया और इसका केंद्र जमीन से 10 किमी की गहराई में था। इसके कुछ घंटों बाद मंगलवार को सुबह नौ बजकर 46 मिनट पर पड़ोसी शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में दूसरा भूकंप आया। 'सीईएनसी' के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी की गहराई में था। गांसू और किनघई में भी भूकंप के बाद के झटके भी महसूस किए गए। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, गांसू और किनघई में भूकंप से 127 लोगों की मौत हुई, जबकि 700 के घायल होने की खबर है। भूकंप से जिशिशान में 6,381 मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

### खोजी कुत्ते रेस्क्यू में उतारे

चीन में भूकंप के बाद हुई तबाही को देखते हुए गांसु और किनघई के लिए अग्निशमन और बचाव विभाग ने 88 दमकल गाड़ियों के साथ 12 खोजी कुत्तों को भी प्रभावित इलाकों में भेजा है। साथ ही 10,000 से अधिक उपकरणों के साथ 580 बचावकर्मियों को आपदा क्षेत्र में राहत में जुट जाने का आदेश दिया है। रेलवे प्राधिकरण ने भूकंप प्रभावित क्षेत्र में यात्री और मालवाहक ट्रेन निलंबित कर दी है और रेलवे की पटरियों की सुरक्षा जांच का आदेश दिया है।

### 32 झटके किए गए महसूस

प्रांतीय आपात प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता हान शुजुन ने कहा कि भूकंप के बाद के 32 झटके महसूस किए गए। इससे कुछ ग्रामीण सड़कें नष्ट हो गई। कई इलाकों में बिजली गुल हो गई और दूरसंचार सेवाएं ठप हो गई। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि भूकंप के कारण 'पीली नदी' पर बने एक पुल में दरार आ गई है।

## 28 फिलिस्तीनियों की मौत, अस्पताल पर भी छापेमारी

# इजराइल ने फिर दक्षिणी गाजा को बनाया निशाना

**एजेंसी** | राफा (गाजा पट्टी)



इजराइल ने मंगलवार को दक्षिणी गाजा को निशाना बनाते हुए हमले किए। इसमें 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। साथ ही इजराइल ने गाजा के उत्तरी हिस्से में एकमात्र संचालित अस्पताल पर भी छापेमारी की। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब इजराइली हमले में तीन बंधकों की मौत के बाद उस पर संघर्ष विराम के लिए दबाव बढ़ रहा है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से समर्थन बढ़ने के बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं। राफा में मंगलवार तड़के एक घर पर हुए हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 25 लोग मारे गए, जहां ये विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। अन्य हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। इजराइल ने गाजा के दक्षिणी हिस्से राफा में फिलिस्तीनियों को शरण लेने के लिए कहा है जबकि वहां भी हाल के दिनों में बार-बार बमबारी की गई है।

### अस्पताल पर पूरी रात किया हमला

उत्तरी गाजा में अल-अहली अस्पताल को संचालित करने वाले गिरजाघर के अनुसार, इजराइली बलों ने एक अस्पताल पर सोमवार को पूरी रात हमला होता रहा और यह मंगलवार को भी जारी रहा। इसके अनुसार, अस्पताल की सामने की दीवार को तोड़ दिया गया और कई कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया गया। गिरजाघर के पास्टर डॉन बाइंडर ने बताया कि छापेमारी के बाद अस्पताल में केवल दो डॉक्टर और चार नर्स बचे हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 100 से अधिक घायलों का उपचार जारी है और बिजली और पानी की आपूर्ति ठप कर दी गई है।

### 20,000 फिलिस्तीनियों की मौत

हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए भीषण हमले के बाद से इजराइल ने जवाबी हमले शुरू किए, जिसमें अब तक करीब 20,000 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है, जबकि लगभग 19 लाख लोग विस्थापित हुए हैं।

## कुछ माह में ढाका में ट्रेन में आगजनी की पांचवी घटना

# ट्रेन को लगाई आग, चार लोगों की मौत

**एजेंसी** | ढाका



बांग्लादेश में अगले साल सात जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अज्ञात लोगों ने मंगलवार को राजधानी ढाका में एक यात्री ट्रेन में आग लगा दी। इससे एक महिला और उसके नाबालिग बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई। यह हमला, देश की मुख्य विपक्षी 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) द्वारा चुनावों का बहिष्कार करने और चुनाव आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के खिलाफ औपचारिक विरोध शुरू करने के लिए चल रहे अभियान के तहत बुलाए गए राष्ट्रव्यापी बंद के दौरान हुआ। पिछले कुछ महीनों में ट्रेन में आगजनी की यह पांचवी घटना है। इस बार चार लोगों की इसमें जान चली गई।

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजधानी के प्रवेश बिंदु पर हवाई अड्डा रेलवे स्टेशन से, ढाका जाने वाली अंतर-जिला मोहनगंज एक्सप्रेस खुलने के तुरंत बाद उपद्रवियों ने सुबह ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगा दी।




## गिनी: ईंधन डिपो में विस्फोट से 13 की मौत, 178 घायल

**कोनाक्री (गिनी)।** गिनी की राजधानी कोनाक्री में स्थित देश के मुख्य ईंधन डिपो में हुए भीषण विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई और 178 घायल हो गए। हादसे में मारे गए 13 लोगों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी के राष्ट्रपति ने कहा कि गिनी पेट्रोलियम कंपनी के डिपो में भीषण विस्फोट के कारण आग लग गई। इससे कलौम प्रशासनिक जिले में बहुत नुकसान हुआ। सरकार ने एक बयान में कहा कि घायल हुए 178 लोगों में से 89 लोगों का उपचार हो चुका है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के कारण की जांच शुरू हो गई है तथा इस तरह के हादसे से बचने के लिए डिपो को किसी सुदूर स्थल पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है।

**नासा की रिसर्च**

# सौर मंडल में धरती जैसी 17 दुनिया

**एजेंसी** | वाशिंगटन



नासा की नई रिसर्च कहती है कि हमारे सौर मंडल के बाहर भी जीवन हो सकता है। सौर मंडल के बाहर 17 और ऐसी ही दुनिया हो सकने की बात इस रिसर्च में सामने आई है। नासा ने कहा है कि हमारे सौर मंडल के बाहर जीवन की तलाश के एक हालिया अध्ययन में 17 एक्सोप्लैनेट की खोज की गई है, जिनमें बर्फीले गोले के नीचे तरल पानी के महासागर हो सकते हैं। ये पहली बार है जब वैज्ञानिकों ने ऐसा अनुमान लगाया है कि हमारे सौर मंडल के बाहर की दुनिया में भी पानी हो सकता है, जो जीवन के लिए एक आवश्यक घटक है। यानी वहां भी जिंदगी संभव हो सकती है।

जीवन की खोज में आमतौर पर ऐसे एक्सोप्लैनेट को ढूंढना शामिल होता है, जो अपने मेजबान तारे के रहने लायक क्षेत्र के भीतर मौजूद होते हैं। ये एक ऐसी दूरी जहां तापमान पानी को उनकी सतहों पर बने रहने की अनुमति देता है। हालांकि यह भी संभव है कि एक एक्सोप्लैनेट जो बहुत दूर और ठंडा है, वहां अभी भी बर्फ की परत के नीचे एक महासागर हो।

रिसर्च में जिन बाहरी दुनियाओं के संकेत मिले हैं, वे बृहस्पति के बर्फीले चंद्रमाओं की तरह, जीवन के रासायनिक संकेतों की खोज के लिए आशाजनक स्थान हो सकती है। विशेष रूप से बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा और शनि के एन्सेलाडस को पर्याप्त सूर्य का प्रकाश नहीं मिलता है, लेकिन फिर भी उनकी बर्फीली परत के नीचे तरल महासागर हैं।

### सौर मंडल के पास भी दो संसार

टीम ने इन एक्सोप्लैनेट पर गीजर गतिविधि को गौर से देखा और दो एक्सोप्लैनेट की पर्याप्त रूप से करीब पहचान की जहां इन विस्फोटों के संकेत दूरबीनों से देखे जा सकते थे। इन बर्फीले संसारों में हमारे सौर मंडल के निकट के दो संसार भी शामिल हैं, जहां ऐसी परिस्थितियां हो सकती हैं, जिनमें जीवन संभव हो। ये एक्सोप्लैनेट लगभग पृथ्वी के आकार के हैं। उनकी सतह बर्फ से ढकी हुई है। नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के लिने क्विक ने एक बयान में कहा, हमारे विश्लेषणों का अनुमान है कि इन 17 दुनियाओं में बर्फ से ढकी सतह हो सकती है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl